



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

MPHIN/2021/83938





ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः 40 | ग्वालियर,17 दिसम्बर रविवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


# पीएम मोदी ने ओमान के सुल्तान के साथ की बैठक, किन मुद्दों पर हुई बातचीत?

~ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (16 दिसंबर) को राजकीय यात्रा पर भारत आए ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक का स्वागत किया और उनके साथ चर्चा की. इस दौरान उन्होंने सुरक्षा, रक्षा, व्यापार और अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया. ओमान के सुल्तान शुक्रवार (15 दिसंबर) को राजकीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे. यह भारत की पहली यात्रा है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज का दिन भारत और ओमान के के लिए एक ऐतिहासिक दिन है. आज 26 साल बाद ओमान के सुल्तान राजकीय दौरे पर भारत आए हैं. मुझे और 140 करोड़ भारतीयों को आपका स्वागत करने का मौका मिला है. मैं सभी देशवासियों की ओर से आपका हार्दिक अभिनंदन करता हूं.26 साल में पहली राजकीय यात्राओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक की भारत यात्रा पर, विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा, ÷पीएम मोदी की ओमान के सुल्तान के साथ बातचीत खत्म हो गई है. सुल्तान के साथ उनके साथ डिप्टी का एक प्रतिनिधिमंडल भी था. इसमे रक्षा मंत्री 7 कैबिनेट मंत्री और उप मंत्री शमिल थे. 26 साल में ओमान की यह पहला राजकीय यात्रा है.÷

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षरउन्होंने कहा कि ओमान के सुल्तान की यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह त्20 में ओमान की भागीदारी के बाद हो रही है. ओमान को भारत ने त्20 में आमंत्रित किया था. क्वात्रा ने कहा कि भारत ओमान के साथ एक विशेष संबंध साझा करता है. ओमान और भारत हिंद महासागर में भागीदार हैं. उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने सूचना और टेक्नोलॉजी, संस्कृति, फाइनेंशियल क्राइम से निपटने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा कीइससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की. इसमें राजनीतिक, सुरक्षा, रक्षा, व्यापार, आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच संबंधों शामिल थे.बागची ने एक्स पर कहा, उन्होंने क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपने-अपने नजरे पेश किए. दोनों नेताओं के बीच इजरायल-हमास संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर भी वार्ता हुई. इससे पहले सुल्तान बिन तारिक का राष्ट्पति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया




ओमान को भारत ने त्20 में आमंत्रित किया था. क्वात्रा ने कहा कि भारत ओमान के साथ एक विशेष संबंध साझा करता है. ओमान और भारत हिंद महासागर में भागीदार हैं. उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने सूचना और टेक्नोलॉजी, संस्कृति, फाइनेंशियल क्राइम से निपटने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा कीइससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की. इसमें राजनीतिक, सुरक्षा, रक्षा, व्यापार, आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच संबंधों शामिल थे.बागची ने एक्स पर कहा, उन्होंने क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपने-अपने नजरे पेश किए. दोनों नेताओं के बीच इजरायल-हमास संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर भी वार्ता हुई.


## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 17 दिसम्बर को ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर पधारेंगे

**ग्वालियर ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर विमानतल पधारेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार 17 दिसम्बर को दोपहर 1.25 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा उज्जैन से श्योपुर जिले के लिये रवाना होंगे। श्योपुर के रानीपुरा में कूनो फोरेस्ट फैस्टिवल का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कूनो के रानीपुरा में कूनो फोरेस्ट फैस्टिवल के प्रथम चरण का शुभारंभ करेंगे। इसके पश्चात शाम 4 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर शाम 4.40 बजे ग्वालियर विमानतल पधारेंगे। कुछ देर रूकने के पश्चात ग्वालियर एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा दिल्ली एयरपोर्ट के लिये रवाना होंगे।

### अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए कन्नौद में निकाली शोभायात्रा



भगवान श्री राम की आयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कन्नौद नगर में सर्व हिंदु समाज ने विशाल अक्षत कलश शोभायात्रा बैंड-बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें ब?ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। नगर के मुख्य बाजार में सामाजिक, व्यावसायिक एवं राजनीतिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में महिला-पुरुष भगवान श्रीराम के भजनों पर खूब नृत्य किया। शोभायात्रा कन्नौद पुरानी जेल स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से सतवास रोड राधाकृष्ण मंदिर तक निकाली गई। यात्रा में विधायक आशीष शर्मा भी सम्मिलित हुए और कलश सिर पर रखकर चले। शोभायात्रा में भगवान राम-सीता, लक्ष्मण और हनुमान की वेशभूषा में युवक आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा के दौरान थाना प्रभारी तहजीब काजी ने मोर्चा संभालते हुए पुलिसकर्मियों के साथ यातायात व्यवस्था बनाई और वाहनों को मुख्य बाजार में आने-जाने से रोका। ताकि शोभायात्रा में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो

### पुरानी रंजिश के चलते नकाबपोश बदमाशों ने पिस्टल व कट्टों से चलाई गोलियां,6 पर मामला दर्ज

**मुरैना**-शहर के फाटक बाहर सुभाष नगर में सिकरवार वाली गली में रहने वाले विवेक पुत्र बलबीर सिकरवार के निवास पर आधा दर्जन आरोपियों ने पहुंचकर पिस्टल से करीब 10 राउंड फाइर किए थे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। इस मामले में स्टेशन रोड थाना पुलिस ने आरोपी राज पटेल गुर्जर, मोनू गुर्जर निवासी सुभाष नगर, संजीव गुर्जर निवासी शिवलाल का पुरा सहित तीन अन्य अज्ञात के खिलाफ 336, 294 506 के तहत मामला दर्ज किया है।फरियादी विवेक का कहना है कि उसने इन आरोपियों की शराब को पकड़वाया था इसलिए यह रंजिश मानकर गोली चलाने आए हैं आरोपी सड़क पर बेचने का कारोबार संचालित करते हैं। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह जगह दविश दी जा रही हैं।



## देवास कलेक्टर ने 5 आरोपियों को किया जिलाबदर



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत 5 आरोपियों को जिलाबदर किया है। जिसमें वसीम पठान उर्फ वसीम काजी पिता जफर काजी उम्र 28 साल निवासी ईटावा देवास को एक वर्ष, हलदुल उर्फ संतोष पिता कुंवरसिंह यादव उम्र 29 साल निवासी खातेगांव को एक वर्ष, जीवन पिता चम्पालाल उम्र 41 साल निवासी मचवास को एक वर्ष तथा नदीम पठान उर्फ नदीम उल्लाह काजी पिता जफर काजी उम्र 26 साल निवासी ईटावा देवास को एक वर्ष के लिए एवं गोलु उर्फ राकेश पिता रामचन्द्र राठौर उम्र 38 साल निवासी नेमावर को 6 माह के लिए जिला बदर किया है कलेक्टर गुप्ता ने आदेश दिया है कि यह सभी आरोपी आदेश प्राप्ति से 24 घण्टे के भीतर जिला देवास एवं उसके आस पास के सीमावर्ती जिलों इन्दौर, उज्जैन, शाजापुर, सीहोर, हरदा, खण्डवा, खरगोन की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाए तथा जिला दंडाधिकारी न्यायालय की बिना पूर्व अनुज्ञा के प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने लिया टीवी मरीजों की मदद करने का संकल्प

**ग्वालियर।**जिले के बाल भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने निश्चय मित्र बनकर यह संकल्प लिया कि टीवी मरीजों की मदद करेंगे एवं करते रहे हैं इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं खाद्य बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल भी उपस्थित रहे इस दौरान जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुणेश सिंह भदोरिया के द्वारा बताया गया कि आज बाल भवन में भारत विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सदस्यों ने यह संकल्प लिया है टीवी जैसी गंभीर बीमारी के मरीजों को जहां उनके परिवार दोस्त मित्र ग्रहणा की तरीके से देखते हैं हैं वहीं हमारे सोसाइटी उनकी मदद करती है और करती रहेगी उन्होंने सभी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारीयों को भरोसा दिलाया कि हमारी संस्था हमेशा आपका सहयोग करती रहेगी इस दौरान जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे



## रोजगार कार्यालय में 20 दिसम्बर को प्लेसमेंट ड्राइव,आधा दर्जन से अधिक कंपनियाँ आ रही हैं भर्ती करने

**ग्वालियर** आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण के अंतर्गत 20 दिसम्बर को प्रात~ 11 बजे से गोले का मंदिर मुरैना लिंक रोड़पर रेडीमेड गारमेंट पार्क परिसर स्थित जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव (रोजगार मेला) का आयोजन होगा। प्लेसमेंट ड्राइव में निजी क्षेत्र की 7 कंपनियाँ भर्ती करने आ रही हैं। विस्तृत जानकारी के लिये जिला रोजगार कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। उप संचालक जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट ड्राइव में जेबी मंगाराम फूड प्रा.लि. ग्वालियर द्वारा ट्रेनी वर्कर, कार्बी डाटा मैनेजमेंट ग्वालियर द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर, जमुना ऑटो प्रा. लि. मालनपुर द्वारा ट्रेनी वर्कर, एयरटेल प्रा. लि. द्वारा मार्केटिंग, ड्रीम क्रिएशन प्रा. लि. नोएडा द्वारा ट्रेनी वर्कर लावा मोबाइल, अपटू स्किल टाटा मोटर्स प्रा.लि. अहमदाबाद द्वारा ट्रेनी एवं एएसएम हुंडई प्रा.लि. शिवपुरी लिंक रोड़ ग्वालियर द्वारा सेल्स एक्जीक्यूटिव, आईटी मैनेजर, ड्रायवर, प्यून व कार वॉश वर्कर की भर्ती की जायेगी। चयनित उम्मीदवारों को 8 हजार रूपए से लेकर 12 हजार 600 रूपए तक वेतन देय होगा। प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल होने के लिये युवाओं को रोजगार पंजीयन क्रमांक, शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्र व बायोडाटा के साथ उपस्थित होना होगा। रोजगार मेले में उपस्थित होने वाले युवक-युवतियों के लिये कार्यालय द्वारा कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# संसद सुरक्षा चूक मामला 2 साल से साजिश के लिए संपर्क में थे सभी, जांच में खुलासा, कांग्रेस और बीजेपी में वार-पलटवार

**उसने सबूत मिटाने के लिए उनके मोबाइल फोन नष्ट कर दिए.**

संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में वार-पलटवार के बीच शनिवार (16 दिसंबर) को पुलिस ने छठी गिरफ्तारी की. पुलिस ने बताया कि राजस्थान के नागौर से महेश कुमावत को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने बताया कि महेश कुमावत कथित तौर पर साजिश रचने के लिए पिछले दो साल से अन्य आरोपियों के संपर्क में था और उसने सबूत मिटाने के लिए उनके मोबाइल फोन नष्ट कर दिए.

इससे पहले पुलिस इस मामले में पांच आरोपियों, अमोल शिंदे, सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम और ललित झा को गिरफ्तार कर चुकी है और घटना की तुलना आतंकी गतिविधि से की है.

इन राज्यों के लिए पुलिस की टीमें रवानामामले के सभी आरोपी सात दिनों की पुलिस हिरासत में हैं. सभी अलग राज्यों (कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार) से हैं. सूत्रों के मुताबिक, 13 दिसंबर को अंजाम दी गई घटना की आगे की जांच के लिए पुलिस टीमें राज्यों के लिए रवाना हो गई हैं. सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी कुमावत का सामना अन्य आरोपियों से कराया जाएगा.शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक टीम ने संसद के अंदर और बाहर से सीसीटीवी फुटेज भी एकत्र किए. न्यूज एजेंसी पीटीआईर ने सूत्रों के के हवाले से बताया कि मामले की जांच कर रही स्पेशल सेल बीजेपी सांसद प्रताप सिम्हा का बयान भी दर्ज करने की योजना बना रही है, जिन्होंने दो आरोपियों के लिए विजिटर पास को अधिकृत किया था.आरोपी कुमावत को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया और शनिवार को अदालत में पेश किया गया. सूत्रों ने आरोप लगाया कि कुमावत संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के प्लान का हिस्सा था,




जहां उसे कैनिस्टर के साथ दूसरे गेट पर खड़ा होना था, लेकिन वह घटना के दिन 13 दिसंबर को नहीं आ सका.अभियोजक ने कोर्ट को बताया कि कुमावत ने सबूतों को नष्ट करने और बड़ी साजिश को छिपाने के लिए मोबाइल फोन को नष्ट करने में मास्टरमाइंड आरोपी ललित झा की मदद की. उन्होंने कहा कि पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए आरोपी से पूछताछ की जरूरत है. पुलिस ने उसकी 15 दिन की हिरासत मांगी थी.जांच से जुड़े दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा,, ''साजिश को अंतिम रूप देने से पहले उन्होंने (आरोपियों ने) कुछ ऐसे तरीके तलाशे थे जिनके जरिए वे प्रभावशाली तरीके से सरकार तक अपना संदेश पहुंचा सकें. आरोपियों ने सबसे पहले अपने शरीर को अग्निरोधक लेप से ढककर आत्मदाह करने पर विचार किया लेकिन फिर यह विचार बदल दिया.बता दें कि संसद की सुरक्षा में चूक के मामले पर कांग्रेस और बीजेपी के बीच आरोप-प्रत्यारोप देखा जा रहा है. शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने टिप्पणी करते हुए केंद्र सरकार को निशाना बनाया और कहा कि घटना के पीछे देश में बेरोजगारी और महंगाई कारण हैं.राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी के कई नेताओं ने पलटवार किया

उज्जवला योजना में पात्र बहनों को चिन्हित कर दिया जायेगा लाभ : सांसद श्रीमती संध्या राय

# अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही यात्रा का उद्देश्य : विधायक नरेंद्र सिंह

दैनिक पुष्पांजली टुडे

## विभिन्न योजनाओं को आपके द्वार तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई यात्रा :श्रीमती कामना सिंह

## हरी झंडी दिखाकर रथों को किया रवाना

**भिण्ड ।** केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को हितग्राहियों तक सीधे पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ निराला रंग बिहार मेला परिसर भिण्ड में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस दौरान क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय,विधायक भिण्ड नरेंद्र सिंह कुशवाह,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा बाल्मीकि,कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम, एसडीएम भिण्ड रवि मालवीय,रमेश दुबे सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा कि आज पूरे प्रदेश के साथ-साथ भिण्ड जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ जिले की सभी पंचायतों में भ्रमण कर सरकार की जन हितैषी योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे साथ ही योजनाओं से वंचित हितग्राहियों के आवेदन लेकर उनका निराकरण कर योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। प्रत्येक दिन 2 पंचायतों में ये रथ भ्रमण करेंगे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है सभी पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ लें, इस योजना में पांच लाख तक का निःशुल्क उपचार होता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वर्ष 2024 में आयुष्मान भारत योजना से उपचार की राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख कर दी जायेगी।उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना का लाभ लगभग सभी हितग्राहियों को मिल चुका है लेकिन जो भी पात्र हितग्राही इस योजना से वंचित रह गए हैं उन्हें भी जल्द से जल्द पीएम आवास योजना का लाभ दिलाया जायेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि किसी भी पात्र हितग्राही को इस योजना से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि नल जल योजना अंतर्गत जिले के सभी घरों को नल से जल योजना से जोड़ा जाएगा, उज्जवला योजना से वंचित बहनों को उज्जवला योजना से संबंधित अधिकारी सर्वे कर सूचीबद्ध तरीके से पात्र बहनों को चिन्हित कर योजना का लाभ दिया जायेगा। पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत सभी भाई बहनों को इसका लाभ मिल रहा है त्रुटिवस छूटे हुए हितग्राहियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभागीय अमले द्वारा चिन्हित कर लाभ दिया जायेगा साथ खाते नम्बर और नाम सहित अन्य त्रुटियों के सुधार का कार्य भी किया जाएगा।विधायक भिण्ड नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज शुभारंभ किया जा रहा है, यह यात्रा 26 जनवरी तक निरंतर चलेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का ठीक से क्रियान्वयन कर अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। ताकि सरकार की योजनाओं से कोई पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रत्येक पंचायत में जाकर योजनाओं का प्रचार प्रसार करेगी, गांव गांव में सभी तक योजनाओं की सूचना पहुंचेगी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राही अपना आवेदन कर सकेंगे और संबंधित अधिकारियों द्वारा उनको योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जायेगा।जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न योजनाओं को आपके द्वार आपके घर तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया है। योजनाओं से वंचित लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले कोई पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित नहीं रहे इसलिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम अंतर्गत आईपीएस अकादमी स्कूल, शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 01 के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।




विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ का शुभारंभ करते हुये क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय एवं विधायक भिण्ड नरेंद्र सिंह कुशवाह ने सभी रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

# गोहद के चमहेड़ी में लगा निशुल्क नेत्र दंत परीक्षण मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आधा सैकड़ा मरीजों का हुआ उपचार

एक दर्जन ग्रामों के मरीजों को शिविर में मिला उपचार



दैनिक पुष्पांजलि टुडे

गोहद विकासखंड के ग्राम पंचायत चमहेड़ी में सेवार्थ पाठशाला एवं श्री सत्यसाईं सेवा समिति के तत्वाधान में गोहद कृषि उपज मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय रूप सिंह राणा की 38 वीं पुण्यतिथि पर रतन ज्योति नेत्रालय के सहयोग से निशुल्क नेत्र दंत परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन गांव के हनुमान जी मंदिर प्रांगण में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की वंदना के बाद वृक्षारोपण कर किया। निशुल्क शिविर में परीक्षण उपरांत चयनित मरीजों का मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण आपरेशन बिना टांका पद्धति द्वारा ग्वालियर में किए जाने हेतु मरीजों को चिन्हित किया जिनका ऑपरेशन सोमवार को ग्वालियर अस्पताल में निशुल्क होगा नेत्र दंत परीक्षण एवं मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण आपरेशन हेतु मरीज को लाने ले जाने एवं खाना की व्यवस्था एवं चश्मा दवाइयां निशुल्क प्रदान की जाएगी



शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ प्रमिला गुर्जर रतनज्योति चिकित्सालय से आए डॉक्टरो ने एक सैकड़ा से अधिक मरीज का नेत्र परीक्षण कर उपचार किया आधा सैकड़ा मरीजों का ऑपरेशन ग्वालियर चिकित्सालय में होगा। जिसके लिए उन्हें चिन्हित किया गया है। गांव में नेत्र शिविर आयोजित करने वाले दिलीप सिंह राणा ने कहा कि प्रतिवर्ष गांव में 10वीं 12वीं कक्षा में प्रथम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रा को 11हजार रुपए सहयोग राशि प्रदान होगी इसके साथ ही पूरे गांव में सौर ऊर्जा से स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। जिससे कि गांव में प्रकाश बना रहता है। समाज के लोगों को सामाजिक कार्यों में सहभागिता बनाए रखना चाहिए इस अवसर पर कार्यक्रम में सेवार्थ पाठशाला के संयोजक ओ. पी. दीक्षित सुरेंद्र मिश्रा प्रचारक मलखान शर्मा डॉ नितेश शर्मा रवि भारद्वाज मनोज पांडे मोहनलाल अहिरवार विनोद भदोरिया जे.पी अग्रवाल जगदीश शर्मा सचिन कांकर पटेल तोमर दिलीप सिंह राणा धर्मेंद्र राणा राजू राणा रविंद्र राणा जगदीश कुशवाहा मोनू राणा विक्रम सिंह इत्यादि लोग मौजूद रहे हैं।

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने भगवान कामतानाथ के किये दर्शन



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुरुवार को चित्रकूट पहुंचकर सपत्नीक भगवान कामतानाथ स्वामी के दर्शन किये। इस मौके पर विधायक नरेंद्र प्रजापति, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सियाराम कुटीर पहुंचकर भारत रत्न नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावाजंलि दी।

## टोरेंट पॉवर लिमिटेड द्वारा उर्जा संरक्षण और सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ

दैनिक पुष्पाजंली टुडे



**सूरत। आदर्श-2 मार्केट में टोरेंट पॉवर की तरफ़ से एक छोट्टा सेमिनार रखा, फोस्टा के उपाध्यक्ष रामलाल सीरवी, आदर्श-2 मार्केट के अध्यक्ष जी.एस. मेहता, सचिव विजयभाई डागा एवं आदर्श-2 मार्केट के समस्त कार्यकारिणीगण और मार्केट के व्यापारी भाइयों के साथ में तुसारभाई पीठाडीया सहायक प्रबंधक ( संचालन वितरण का प्रबंधन) एवं साथ उनकी टीम ने बिजली के बारे में बिजली बचत और बिजली से दुर्घटना न होवे उसकी सावधानी बरतने के बारे में स्क्रीन पर वीडियो के माध्यम द्वारा पूरी जानकारी विस्तार से समझायीं। डैली एक्स्ट्रा फालतू यूज़ होने वाली लाइट की बचत एवं सावधानी बरतने हेतु यह सेमिनार बहुत उपयोगी लगा ।**

# जो खुशियों के तलबगार है.. खुशियां उनके साथ बांटो ईश्वर-अल्लाह के इस संदेश के साथ मनाया जन्म दिवस



खरगोन जिले से मुन्ना खान
पुष्पांजलि टुडे

**खरगोन निप्र।** ईश्वर-अल्लाह का ये संदेश है कि जो खुशियों के तलबगार है.. उनके साथ खुशियां बांटने से खुशियां और बढ़ जाती है। गोकुलदास पब्लिक स्कूल क्लास 03 डायमंड की छात्रा एवं समाजसेवी पत्रकार आमिर शेख की बेटी आलिया शेख ने ईश्वर-अल्लाह के इस संदेश के साथ अपना जन्म दिवस, शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उमावि खरगोन के केंपस मे मनाया। इस अवसर पर जन्म दिवस की खुशियां, दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ छात्रो के साथ बांटी। आलिया ने कहा कि मेरी फैमेली एवं गोकुलदास पब्लिक स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती सरिता महाजन ने मुझे जीने की वह राह बताई है, जिसमे हर लम्हा खुशियां बटते रहे। जन्म दिवस के अवसर पर दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ आवासीय स्कूल के 60 बच्चे, टीचर्स, आलिया के दादा शहीद केप्टन अब्दुल हमीद खां स्टेट अवार्ड से सम्मानित अजीजुद्दीन शेख, दादी सायरा शेख, गुलशन बोन उद्योग के नौशाद खान, शकीला नौशाद खान, इंजी. फिरोज खान व निकहत खान, उद्यमी जावेद खान व कायनात खान इंदौर, प्रोटीन हेड क्वार्टर के संचालक अमन शेख व हुमेरा शेख सहित शुभचिंतक उपस्थित थे।

# जैतवारा थाना में संपन्न हुई शांति सभा की बैठक




पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के आदेशानुसारअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री विक्रम सिंह एवं डीएसपी मुख्यालय विजय सिंह परिहार निर्देशानुसार जैतवारा तहसीलदार परमानंद तिवारी एवं उप निरीक्षक विजय सिंह की उपस्थिति की उपस्थिति में शांति समिति की मीटिंग ली गई । शांति समिति की मीटिंग में धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों ( लाऊड स्पीकर / डी0जे0 /सम्बोधन प्रणाली ) के संबंध में दिशा निर्देश व खुले में तथा बिना अनुमति पत्र ( लायसेंस ) अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुये पशु मांस तथा मछली के विक्रय के प्रतिबन्ध के संबंध में दिशा निर्देश से अवगत कराया जाकर अक्षरसः पालन किये जाने हेतु आगाह किया गया जिसमें उपस्थित नागरिकों के द्वारा शर्तों का पालन किये जाने हेतु अपनी सहमति जताई है ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को हितग्राहियों तक सीधे पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ निराला रंग बिहार मेला परिसर भिण्ड में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस दौरान क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय, विधायक भिण्ड नरेंद्र सिंह कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा बाल्मीकि, कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम, एसडीएम भिण्ड रवि मालवीय, रमेश दुबे सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

सनातन और संस्कृति के संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगा विद्यापीठ

# उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया चित्रकूट में वैदिक एवं संस्कृत विद्यापीठ का लोकार्पण

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि धैर्य और संयम के साथ अपने कर्तव्यों को पूरा करना ही राजनीति का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट की पवित्र धार्मिक नगरी में श्री बलराम देशिक संस्कृत विद्यापीठ द्वारा संचालित प्रियंबदा बि?ला वैदिक एवं संस्कृत विद्यालय हमारी संस्कृति और सनातन धर्म के संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल चित्रकूट के नयागांव में आचार्य आश्रम के समीप नवनिर्मित प्रियंबदा बि?ला वैदिक एवं संस्कृत विद्यालय के भव्य भवन के लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। संस्कृत विद्यालय नयागांव का भवन निर्माण विंध्या टेली लिंक्स लिमिटेड के सीएसआर मद से किया गया है। इस अवसर पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, विधायक मु?वारा संदीप जायसवाल, विधायक मनगवां नरेंद्र प्रजापति, उत्तरप्रदेश सरकार के राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला भाजपा अध्यक्ष सतीश शर्मा, चित्रकूट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भरत मिश्रा, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, उषा चौधरी, नीलांशु चतुर्वेदी, विंध्या टेली लिंक्स के रमेश सिंह, उद्योगपति रुद्र प्रताप त्रिपाठी, संकल्प सिंह, पुष्पराज बागरी सहित रीवा, सतना, मैहर, कटनी, छत्तीसग? से आए हुए गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। आचार्य



आश्रम नयागांव के पूज्य श्री डॉ बदरी प्रपन्नाचार्य जी महाराज, वरुण प्रपन्नाचार्य जी महाराज, चित्रकूट के साधु-संतों की उपस्थिति में उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने वैदिक मंत्रो और श्लोक के बीच विधि विधान पूर्वक वैदिक एवं संस्कृत विद्यापीठ का लोकार्पण किया। उन्होंने संस्कृत विद्यालय के प्रत्येक पठन कक्षों में जाकर पठन-पाठन के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश की जनता ने सरकार को इतना ब?ा जनादेश दिया है। यह जनादेश जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए है। राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश को देश का विकसित और सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प लिया है। इसके साथ ही विंध्य क्षेत्र को हिंदुस्तान का सबसे बेहतर और समृद्धशाली क्षेत्र बनाने का संकल्प भी पूरा होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विंध्य क्षेत्र में धार्मिक, वाइल्डलाइफ, पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। चित्रकूट की पावन धरती पर जहां श्री राम के चरण प?, वहां की धरती पर बहुमूल्य खनिज, लाइमस्टोन, हीरे जवाहरात, बॉक्साइट जैसी संपदा मौजूद है। उन्होंने कहा कि कल ही नर्मदा घाटी विकास के अधिकारियों के साथ बरगी की नहर मैहर और सतना लाने के प्रयासों की समीक्षा बैठक हुई है। नर्मदा का पानी मंदाकिनी नदी तक सीधा नहीं ला सकते, इसलिए बांध बनाकर पयस्वनी नदी तक पानी छो?ा जाएगा। पयस्वनी नदी के पानी से मंदाकिनी को सदानीरा बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह विधि का विधान ही है प्रदेश सरकार में नई जिम्मेदारी संभालते ही मैहर, चित्रकूट के पवित्र धार्मिक स्थल और सनातन संस्कृति के कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आचार्य आश्रम के स्वामी श्री बदरी प्रपन्नाचार्य जी ने कहा कि हमारे जीवन में पवित्र मन से किए गए सभी संकल्प भगवत कृपा से अवश्य पूरे होते हैं। उन्होंने संस्कृत विद्यालय के 1982 में स्थापना काल से अब तक की प्रगति का रेखांकन करते हुए संस्कृत विद्यालय की स्थापना और भवन निर्माण के लिए सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल को संस्कृत भाषा में रचित अभिनंदन पत्र भी भेंट किया गया। बाद में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता शुक्ला के साथ आचार्य आश्रम की यज्ञशाला में हवन पूजा भी की।

## कोठी में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला जी का कोठी प्रथम आगमन पर अल्पवास में चित्रकूट जाते समय कोठी में भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत पांडेय सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाईपास में किया भव्य स्वागत एवं वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी गुन्नू राम शर्मा ने भी उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला जी का फूल मालाओं के साथ किया स्वागत

# पुनागर माताजी का छठा वार्षिक महोत्सव

आज 17 दिसंबर को

पुष्पांजली टुडे - रिपोर्टर
खंगारराम मुलेवा



**पाली जिला स्थित -** ग्राम गुड़ा मोकमसिंह गांव में पुनागर माताजी का छठा वार्षिक पाटोत्सव 17 दिसंबर सुबह गाजे-बाजे के साथ मंदिर शिखर पर ध्वजा चढाई जाएगी। और यह महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा । भैराराम देवड़ा पुनागर माताजी गुड़ा मोकमसिंह के उपासक, जब्बरसिंह राजपुरोहित चामुण्डा माता मंदिर गुड़ा हिम्मता के उपासक, भानाराम चौधरी भैरुजी मंदिर ईसाली के उपासक, उम्मेदसिंह राजपुरोहित मोमोजी मंदिर गुड़ा मोकमसिंह के उपासक, के सानिध्य में कार्यक्रम किया जाएगा । एवम् मेले के समस्त व्यवस्था लाभार्थी परिवार। व महोत्सव की तैयारी को लेकर मंदिर विकास कमेटी दानदाता और ग्रामीण जुटे हैं। यह जानकारी मंदिर विकास कमेटी के रामलाल मुलेवा ने दी

# सतना जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य शुभारंभ,सांसद गणेश सिंह ने दिखाई प्रचार वाहनों को हरी झंडी







**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना भारत सरकार द्वारा देश में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा सतना एवं मैहर जिले में 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2024 तक 40 दिवस चलेगी। सतना जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ सिविल लाईन चौपाटी से शनिवार को सांसद गणेश सिंह के मुख्यातिथ्य में समारोहपूर्वक प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस मौके पर सांसद श्री सिंह ने उपस्थित शहरवासियों को विकसित भारत का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, विधायक रैगांव प्रतिमा बागरी, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, कलेक्टर अनुराग वर्मा, आयुक्त नगर निगम अभिषेक गहलोत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में शहरवासी आम नागरिक उपस्थित थे। सांसद गणेश सिंह ने सतना जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन को बेहतर बनाने की जो योजनायें चलाईं हैं, उनके माध्यम से भारत देश विकसित देश होने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। उन्होने कहा कि संपूर्ण देश में विकसित भारत के संकल्प की शुरुआत 15 नवंबर से की गई है। 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने से उन राज्यों में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की जा रही है। उन्होने कहा कि भारत के ऐसे निर्माण की कल्पना की गई है जिसके हर घर में खुशहाली और समृद्धि का वास हो। सबका साथ-सबका विकास की अवधारणा को जमीन पर उतारकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होने कहा कि विकसित भारत का संकल्प केवल सरकार का संकल्प नहीं हैं, बल्कि यह 140 करोड़ भारतवासियों का है। इस मौके पर कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नगर निगम क्षेत्रांतर्गत योजना का लाभ प्राप्त करने वाले संतोष चौधरी को पीएम स्वनिधि योजना में 20 हजार रुपये, पुष्पेंद्र साहू को 50 हजार रुपये, रजनीश श्रीवास्तव को 10 हजार रुपये के चेक प्रदान किये गये। इसी तरह शहर के मेधावी और उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों में योगा क्षेत्र में सुश्री कृपा मिश्रा, क्रिकेट टीम के कप्तान बृजेश द्विवेदी, पर्वतारोही रत्नेश पांडेय और एनएसएस में उत्कृष्ट कार्य के लिये अर्चना कुशवाहा को सम्मानित किया गया।

**प्रधानमंत्री का संबोधन लाइव देखा गया-** मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम सहित देश के 5 राज्यों में शनिवार से प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को कार्यक्रम में समारोहपूर्वक देखा और सुना गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि पिछले एक महीने से पांच राज्यों को छोड़कर देश के सभी राज्यों में मोदी की गारंटी वाली गाड़ियां कोने-कोने में पहुंच रही हैं। पांच राज्यों में नई सरकार का गठन होने के बाद 16 दिसंबर से इन राज्यों में भी इस यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। उन्होने नई सरकारों को शुभकामनायें देते हुये आग्रह किया कि अपने राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का तेजी से विस्तार करें। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने में सफल साबित हो रही है। पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा की कमान देशवासियों ने संभाल रखी है। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुये प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जहां से उम्मीद खत्म हो जाती है, वहां से मोदी सरकार की गारंटी शुरु हो जाती है। आजादी के 100वें वर्ष 2047 में देशवासियों की मेहनत और लगन से भारत देश विकसित देश बनकर रहेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न प्रांतो के हितग्राहियों से सीधी बातचीत कर उनसे योजनाओं के लाभ से जीवन में आये सुधार के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने महाराष्ट्र मुबंई की कांदीवली निवासी मेघना गौरव, असम गुवाहटी की कल्याणी राजवोंशी, कोझिकोड़ केरल के धर्मरंजन कापरी, उत्तरप्रदेश लखनऊ के अनिल कुमार और हिमाचल प्रदेश शिमला की कुसला देवी से सीधी बातचीत की। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 9 वर्षों में अपनी हर योजना का केंद्र बिंदु महिलाओं, युवाओं और बेटियों को बनाया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 5 राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर वर्चुअली रवाना किया।

## निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करें

### लायसेंस लेकर नियमानुसार ही मांस-मछली बेचे

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**पुष्पांजलि टुडे**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउड स्पीकर/डीजे) आदि का उपयोग किए जाने के संबंध में दिए गए निर्देशों का पालन खरगोन शहर में जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया जा चुका है। इसी क्रम में 15 दिसंबर को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने पुलिस विभाग एवं अनुविभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का धरातल पर पालन करने के लिए कार्यनीति के विषय पर चर्चा की गई। बैठक में सभी एसडीएम एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थानों में निर्धारित मापदण्ड तथा डेसिबल साउंड सीमा के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउड स्पीकर/डीजे) आदि का उपयोग किया जा सकेगा। बिना अनुमति लाउडस्पीकर लगाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए फ्लाईंग स्क्वॉड टीम बनाई जाएगी। फ्लाईंग स्क्वॉड टीम में एक मजिस्ट्रेट, पुलिस विभाग के अधिकारी व प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के कर्मचारी व अधिकारी रहेंगे। फ्लाईंग स्क्वॉड टीम में जिले में थाना स्तर पर कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन्होंने अवैध रूप से खुले में मांस-मछली की दुकानें स्थापित की है। उन पर जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाहियां प्रारंभ कर दी गई है। दुकानदार इसके लिए लायसेंस ले तथा सही तरीके से नियमानुसार बेचने का कार्य करें। इसके लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

## अमलीपदर देवभोग में उड़ीसा का अवैध धान रोकने पर प्रशासन नाकाम

**पुष्पांजलि टुडे न्यूज़ संवाददाता किरीट तिवारी की खास रिपोर्ट रायपुर छत्तीसगढ़**



रायपुर खास खबरङ्गरियाबंद जिले में ओडिसा से आ रहे अवैध धान को रोकने प्रशासन कुछ हद तक नाकाम नजर आ रही है। बता दे कि सीमावर्ती मुख्यालय के अंतिम छोर में प्रशासन द्वारा चैक पोस्ट लगाया गया है ताकि ओड़िसा का धान अमलीपदर देवभोग अंचल में न आ सकेलेकिन इन दिनों व्यपारियों द्वारा ओड़िसा का धान डंप किया जा रहा है। वही क्षेत्र के व्यापारी ऊंची प्रसासनिक पहुँच और तगड़ी सेटिंग बताकर खुलें आम धान का भंडारण करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है पुष्पांजलि टुडे न्यूज़ की टीम ने निरीक्षण किया तो चेकपोस्ट में ड्यूटी कर्मी नदारद मिले और छेत्र के तहसीलदार भी इस संबंध मे बोलने से मौन है प्रशासनिक जांच नही होने के कारण अमलीपदर तहसील क्षेत्र ग्राम बिरीघाट चेक पोस्ट तेल नदी पुल ओडिशा से लगा हुआ है धान तस्कर छत्तीसगढ़ में धान डंप कर रहे हैं वहीं गोहरापदर के व्यापारी की गाड़ी तेथेलखुटी एवं अन्य गांव खुले आम चौक चौराहै पर दौड़ रही है देवभोग क्षेत्र के झाँकर पारा, सीना पाली, खुटगांव के व्यापारियों की गाड़ी खुले आम चौक चौराहै पर दौड़ रही है। अब देखना होगा कि शासन प्रशासन इस पर क्या कार्यवाही करती है।

## अवैध रेत का परिवहन करते ट्रैक्टर को पुलिस ने जप्त कर किया मामला दर्ज



अनूपपुर जिले की पुलिस पूरी सक्रियता के साथ अवैध रेत कारोबारीयों पर पूरी तरह से शिकंजा कसा है। ज्ञातव्य हो की जिले की रेत खदान का ठेका ऊंचे दामों पर लेकर शासन को अच्छा राजस्व देने के उद्देश्य से कार्य करने के लिए ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा है। उसके बाद भी कुछ अवैध रूप से रेत का कारोबार करने वाले अपने कार्यों से बाज नहीं आते। जिस पर जिले की पुलिस ने शिकंजा कसा है। जैतहरी थाना अंतर्गत वेंकटनगर चौकी के ग्राम खोड़री के पास अवैध रेत का परिवहन कर रहे ट्रैक्टर पर वेंकटनगर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध रेत से लदी ट्रेक्टर,ट्राली को जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। चौकी प्रभारी वेंकटनगर बालेंद्र सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर मामले को गंभीरता से लेते हुए सुलखारी तरफ से आ रहे रेत से लोड अवैध ट्रैक्टर ट्रॉली जो रेत का परिवहन करते पकड़ा गया।रेत से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर एवं टीपी न होने पर ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया है। उक्त ट्रैक्टर ट्राली में 3 घन मीटर रेत लोड थी।जिसके उपरांत ट्रैक्टर मय ट्राली व ट्राली में लोड अवैध रेत कुल कीमत 4 लाख 6 हजार के साथ जप्त कर चौकी लाया गया।ट्रैक्टर चालकों के विरुद्ध धारा 379, 414, 34 ताहि 4/21 खनिज अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर ट्रैक्टर को वेंकटनगर चौकी में लाया गया है।वहीं इस पूरे मामले में अपराध कायम कर विवेचना की जा रही है।दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर अवैध रेत उत्खनन कर रहे ट्रैक्टर (स्क्क65 4652) के चालाक ओम प्रकाश गोड पिता अवधराम गोड (23) निवासी ग्राम गोधन थाना जैतहरी के विरुद्ध धारा 379, 414 और खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी वेंकटनगर बालेंद्र सिंह बघेल,प्रधान आरक्षक सतीश मिश्रा,प्रधान आरक्षक सुखदेवराम भगत एवं एसएफ आरक्षक की सराहनीय भूमिका रही।

## नगर विकास के लिए कोई समझौता नहीं, समय सीमा में पूरे किए जाएं प्रस्तावित कार्य:श्रीकांत चतुर्वेदी

**मध्य प्रदेश शहरी विकास कंपनी के चीफ इंजीनियर आनंद सिंह आज मैहर पहुंचे द्य नवगठित मैहर जिले में पेयजल एवं सीवर लाइन के प्रस्तावित कार्यों के निरीक्षण के के लिए पहुंचे आनंद सिंह ने स्थानीय अधिकारियों से मिलकर विकास कार्यों के संबंध में जानकारी ली। श्री सिंह ने इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी से भी मुलाकात की और स्वीकृत कार्यों और संभावित विकास को लेकर जानकारी दी इस मुलाकात के दौरान श्री चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि नगर के विकास के संबंध में उनकी नीति स्पष्ट है और यहां पर वह किसी भी प्रकार की कमी या अनियमिता के सख्त खिलाफ है। अतः ज़रूरी है कि नगर के विकास को लेकर नगर विकास कंपनी को हर बिंदु को ध्यान में रखकर सक्रियता एवं समय अवधि के भीतर कार्य करना होगा। चीफ इंजीनियर ने विधायक श्री चतुर्वेदी के कथन पर सहमत जताते हुए कहा कि शीघ्र ही हम इस विषय पर ध्यान देते हुए स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित करेंगे ताकि जिले के पेयजल व्यवस्था और सीवर लाइन के कार्य को गंभीरतापूर्वक लेते हुए प्रस्तावित कार्यों पूरा किया जाए। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और चीफ इंजीनियर श्री सिंह कि मुलाकात के दौरान स्थानीय अधिकारी और सम्माननीयजन् भी उपस्थित रहे।**



**कॉम्बिंग गश्त के दौरान जुआरियों के खिलाफ थाना डबरा देहात पुलिस की कार्यवाही**

## थाना डबरा देहात पुलिस ने खेत में फड़ लगाकर जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को 32 हजार रूपये नगद व ताश की गड्डी सहित पकड़ा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह चंदेल,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा तथा अवैध शराब व मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री करने वालों के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। एसपी ग्वालियर के निर्देश पर आज दिनांक 16.12.2023 को संपूर्ण जिले में पुलिस द्वारा कांबिंग गश्त की जा रही है, इसी दौरान थाना प्रभारी डबरा देहात को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बरोठा में लल्ला यादव का खेत में कुछ लोग एकत्रित होकर हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर अति0 पुलिस अधीक्षक देहात श्री निरंजन शर्मा द्वारा थाना डबरा देहात पुलिस की टीम को उक्त सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी डबरा श्री उमेश गर्ग के



मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डबरा देहात सुरजीत सिंह परमार ने नेतृत्व में पुलिस की एक टीम को मुखबिर के बताये स्थान ग्राम बरोठा में लल्ला यादव के खेत के पास कार्यवाही करने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को मौके पर कुछ लोग लोग हार जीत का दाँव लगाकर ताश की गड्डी से जुआ खेलते हुये दिखे। जुआरियों ने पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख भागने का प्रयास किया परन्तु पुलिस टीम द्वारा जुआ खेल रहे 03 लोगों को घेरकर पक? लिया और पक? गये जुआरियों से नाम पता पूछने पर एक लक्ष्मणपुरा चीनोर डबरा, दूसरा कटऊ पुलिया के पास कर्रा फार्म तथा तीसरा ग्राम नुन्हारी थाना भितरवार का रहना बताया। मौके पर पुलिस टीम को कुल 32000/- रूपये नगद व एक ताश की गड्डी 52 पत्तों की मिली। जिन्हे पुलिस टीम द्वारा विधिवत जप्त किया गया। पक? गये सभी जुआरियों के विरूद्ध थाना डबरा देहात में धारा 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

## संपादक की कलम से

### भारत में विवाह समारोहों की अर्थव्यवस्था

भारतीय सनातन संस्कृति के अनुसार पवित्र शादियों के धार्मिक संस्कारों के माध्यम से दो आत्माओं का मिलन कराया जाता है। कहा तो यहां तक भी जाता है कि दूल्हा और दुल्हन शादी के धार्मिक संस्कारों के माध्यम से सात जन्मों तक के लिए एक दूसरे के हो जाते हैं। इसलिए, शादी के समय विभिन्न अध्यात्मिक, धार्मिक एवं सांसारिक संस्कारों को सम्पन्न कराने के लिए समाज के गणमान्य नागरिकों, नाते रिश्तेदारों, परिवार के सदस्यों को साथ लेकर विभिन्न प्रकार के भव्य आयोजन सम्पन्न किए जाते हैं। इन आयोजनों में विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न होते हैं एवं आजकल तो ऐसे शुभ अवसरों पर भारी मात्रा में व्यय भी किया जा रहा है। शादी के विभिन्न आयोजनों पर किए जाने वाले भारी भरकम खर्च से देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत में नवम्बर 2023 माह से लेकर आगामी लगभग 4 माह के दौरान 38 लाख से अधिक शादियों के आयोजन सम्पन्न होने जा रहे हैं। केवल 4 माह की इस अवधि में लगभग 4.75 लाख करोड़ की राशि का व्यय होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 35 लाख शादियों पर 3.75 लाख करोड़ रुपए की राशि का व्यय हुआ था। कन्फेडरेशन ओफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुसार, भारत में इस वर्ष शादियों के मौसम में सबसे अधिक खर्च करने का विश्व रिकार्ड बनाया जा सकता है। पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में इस वर्ष एक लाख करोड़ रुपए अधिक राशि शादियों पर खर्च होने जा रही है। शादी के विभिन्न कार्यक्रमों में विभिन्न मदों पर होने वाले खर्च के सम्बंध में भी अनुमान लगाए गए हैं। इन अनुमानों के अनुसार, इस वर्ष नए कपड़े और नई ज्वेलरी को खरीदने की मद पर एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होने वाली है, मेहमानों की खातिरदारी पर 60,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होने जा रही है, शादी समारोह से जुड़े कार्यक्रमों पर 60,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होने जा रही है। विश्व का कोई भी देश शादियों के मौसम में इतनी भारी भरकम राशि का खर्च नहीं करता दिखाई दे रहा है क्योंकि अन्य देशों में शादी के समारोहों पर इतना खर्च किया ही नहीं जाता है। यह तो भारतीय सनातन संस्कृति ही है जिसके अंतर्गत शादी के समय विभिन प्रकार के संस्कार सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कई प्रकार के आयोजन सम्पन्न किए जाते हैं। आज विकसित देशों में तो विवाह नामक संस्था उपलब्ध ही नहीं है और ह्लव मैरिजह्ल नामक रिवाज का पालन किया जा रहा है। साथ ही अब तो बगैर विवाह के ह्लिव इन रिलेशनह्ल नामक रिवाज ही चल पड़ा है। विकसित देशों के युवा इस प्रकार के रिवाजों के चलते बच्चे भी पैदा नहीं कर रहे हैं और कुछ समय पश्चात ही आपस में रिश्तों को ह्लतलाकह्ल का रूप दे देते हैं। यदि इस बीच किसी जोड़े को बच्चा हो भी जाता है तो उसे ह्लसिंगल पेरेंटह्ल के रिवाज के तहत केवल मां के पास ही रहना होता है। इस प्रकार वह बच्चा अपने पिता के प्यार से वंचित रहता है और उस बच्चे का मानसिक विकास नहीं हो पाता है। इन्हीं कारणों के चलते आज विश्व के कई देशों में बुजुर्गों की संख्या तो बढ़ती जा रही है परंतु युवाओं की संख्या कम होती जा रही है, जिसका सीधा सीधा प्रभाव इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। अतः कुल मिलाकर यह सनातन संस्कृति के संस्कार ही हैं जो भारत में आज भी कुटुंब व्यवस्था को जीवित रखे हुए हैं। संयुक्त परिवार सामान्यतः केवल भारत में ही दिखाई देते हैं, जहां बुजुर्गों की देखभाल इन संयुक्त परिवारों में बहुत ही सहज तरीके से होती है। अन्यथा, विकसित देशों में चूंकि संयुक्त परिवार का चलन नहीं के बराबर है अतः बुजुर्गों की देखभाल इन देशों की सरकार को ह्लसोशल बेनीफिट्सह्ल योजना के अंतर्गत करनी होती है। आज कुछ देशों में तो ह्लसोशल बेनीफिट्सह्ल की मद पर इतना अधिक खर्च होने लगा है कि इन देशों की बजट व्यवस्था ही भारी दबाव में आ गई है। इसके ठीक विपरीत, भारत में विभिन्न त्यौहार भी बड़े ही उत्साह से मनाए जाते है जिसके कारण भारत में सामाजिक तानाबाना ठीक बना हुआ है। इसी सामाजिक तानेबाने के ठीक अवस्था में रहने के चलते ही इस वर्ष, दीपावली एवं धनतेरस के त्यौहारी मौसम में भारत में 3.75 लाख करोड़ रुपए का व्यापार हुआ है। साथ ही, केवल करवा चौथ के दिन 15,000 करोड़ रुपए का व्यापार सम्पन्न हुआ था।

# विष्णुदेव साय के बहाने आदिवासी राजनीति साधी



विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री घोषित करके भारतीय जनता पार्टी ने एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जीवंत आदिवासी समाज को उन्नति के नये शिखर एवं राजनीति में समुचित प्रतिनिधि देने के लिये प्रतिबद्ध है। द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाकर उन्होंने इस समुदाय की आशाओं पर खरे उतरने की कोशिश की है। निश्चित ही विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से आदिवासी समुदाय में खुशी जगी है, छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्य झारखंड और ओडिशा में भी भाजपा को लाभ मिलेगा, वही मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान के आदिवासी समुदाय के लोगों भी प्रभावित किया जा सकेगा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विष्णुदेव साय का निर्णय नया राजनीतिक धरातल तैयार करेगा एवं नयी राजनीतिक दिशाओं को उद्घाटित करेगा।

जमीन से जुड़े, विनम्र, ईमानदार एवं सादगीप्रिय विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की दूरगामी सोच एवं राजनीतिक परिपक्वता से जुड़ी साहसिक एवं करिश्माई राजनीति की निष्पत्ति है। छत्तीसगढ़ की राजनीति में विष्णुदेव साय इसलिए बड़ा नाम है, क्योंकि अब तक चार बार के सांसद, तीन बार के विधायक और छत्तीसगढ़ में भाजपा के अध्यक्ष की कमान एवं केंद्र सरकार में राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। 26 साल की उम्र में ही पहली बार विधायक बनने वाले विष्णुदेव के दिवंगत दादा बुधनाथ साय 1947 से 1952 तक विधायक रह चुके हैं। उनके दिवंगत ताऊ नरहरि प्रसाद साय भी दो बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके हैं। विष्णुदेव साय ने ताजा चुनाव कुनकुरी विधानसभा सीट से लड़ा था, जिसमें उन्होंने 25 हजार 541 वोट से जीत दर्ज की। कम बोलने और बेहद विनम्र माने जाने वाले विष्णुदेव साय को, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का बेहद करीबी माना जाता है। निश्चित ही उनकी मुख्यमंत्री की पारी ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं राजनीतिक परिपक्वता का उदाहरण बनेगी। 21 फरवरी 1964 को एक आदिवासी परिवार में जन्में विष्णुदेव साय ने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई कुनकुरी के लोयला हायर सेकेंडरी स्कूल से की है।

अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा भी था, विष्णुदेवजी हमारे अनुभवी कार्यकर्ता हैं, नेता हैं, सांसद रहे, विधायक रहे, प्रदेश अध्यक्ष रहे। एक अनुभवी नेता को भाजपा आपके सामने लाई है। आप इनको विधायक बना दो, उनको बड़ा आदमी बनाने का काम हम करेंगे।ह्ल अमित शाह ने बड़ा आदमी बनाने का अपना वायदा इतना जल्दी पूरा कर दिया है। वैसे भी 32 फीसद आदिवासी जनसंख्या वाले छत्तीसगढ़ की विधानसभा में आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित 29 सीटों में से 17 पर भाजपा के कब्जे के बाद माना जा रहा था कि किसी आदिवासी विधायक को भाजपा मुख्यमंत्री या उप मुख्यमंत्री बना सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आने के बाद से ही भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बनाया है। भ्रष्टाचार में लिप्त विपक्षी पार्टी के नेताओं के घरों पर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स की रेड हो रही है। झारखंड के कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के घर पर इनकम टैक्स की रेड और 500 करोड़ रुपए की बरामदी हुई है। इसलिये भाजपा ईमानदार नेताओं को आगे लाना चाहती है, विष्णुदेव साय जमीन से जुड़े हैं, आदिवासी हैं और लंबे समय से राजनीतिक जीवन में रहने के बावजूद भ्रष्टाचार के आरोपों से दूर हैं। ऐसे में वे भाजपा के इस कैटेगरी में एकदम फिट बैठे और मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार भी। ईमानदारी के साथ विनम्रता भी उनकी बड़ी विशेषता है। एक दिन पहले उन्होंने कहा-ह्लविनम्रता को कमजोरी नहीं मानना चाहिए। मैं तो इसे अपनी ताकत मानता हूं और मेरी कोशिश रहेगी कि आजीवन विनम्र बना रहूं।ह्ल

राजनीतिक स्वार्थ के चलते आजादी के बाद से जंगलों और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले आदिवासियों को हमेशा से दबाया और कुचला जाता रहा है जिससे उनकी जिन्दगी अभावग्रस्त ही रही है। कांग्रेस ने आदिवासी के नाम पर सत्ता तो अनेक बार हासिल की, लेकिन उनके कल्याण के लिये कोई ठोस काम नहीं किये। जबकि आदिवासी समुदाय को कांग्रेस विचारधारा का ही माना जाता रहा है, लेकिन नरेन्द्र मोदी ने अपनी सूझबूझ एवं विवेक से आदिवासी लोगों का दिल जीता है। वर्ष 2007 में मुख्यमंत्री रहते नरेन्द्र मोदी गुजरात के आदिवासी इलाके कवांट में जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में एक समारोह में 15 हजार करोड़ की वनबंधु योजना की शुरूआत की। इनदिनों इन्हीं जैन मुनि की चर्चा चुनाव सभाओं में एवं गुजरात की एक सभा में प्रधानमंत्री ने की। उनके मन में आदिवासी कल्याण की भावना है। राजनीति जोड़तोड की दृष्टि से देखा जाये तो कांग्रेस जहां मुस्लिम वोटों का ध्रूवीकरण एवं तुष्टिकरण कर रही है तो भाजपा के लिये आदिवासी समुदाय ही रोशनी बनते हुए दिख रहे हैं। निश्चित ही आगामी लोकसभा चुनाव में इन आदिवासी वोटों की महत्वपूर्ण भूमिका बनने वाली है।

जब भाजपा हिन्दू राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है, ऐसे में आदिवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आदिवासियों में एक बड़ी समस्या धर्मपरिवर्तन की है। प्रलोभनों एवं साम्प्रदायिक ताकतों के कारण कई आदिवासी अपने धर्म को बदलकर आदिवासी समाज से बाहर हो रहे हैं जिसमें ईसाई धर्म को सर्वाधिक स्वीकार गया है। ईसाई मिश्नरियों ने भारत के आदिवासी क्षेत्र छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा, अंडमान निकोबार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र में धर्मांतरण के लिये विद्यालयों एवं छात्रावासों में सफल अभियान चलाया है। ऐसे में आदिवासी की अपनी संस्कृति एवं उनका अस्तित्व खतरा में आ गया। आदिवासी अर्थात जो प्रारंभ से वनों में रहता आया है। करीब 400 पीढ़ियों पूर्व सभी भारतीय वन में ही रहते थे और वे आदिवासी थे परंतु विकासक्रम के चलते पहले ग्राम बने फिर कस्बे और अंत में नगर, महानगर। यही से विभाजन होना प्रारंभ हुआ। जो वन में रह गए वे वनावासी, जो गांव में रह गए वे ग्रामवासी और जो नगर में चले गए वे नगरवासी कहलाने लगे। भारत में लगभग 25 प्रतिशत वन क्षेत्र है, इसके अधिकांश हिस्से में आदिवासी समुदाय रहता है। लगभग नब्बे प्रतिशत खनिज सम्पदा, प्रमुख औषधियां एवं मूल्यवान खाद्य पदार्थ इन्हीं आदिवासी क्षेत्रों में हैं। भारत में कुल आबादी का लगभग 11 प्रतिशत आदिवासी समाज है। इसी बड़ी आबादी को प्रभावित करने के लिये द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाना एवं विष्णुदेव को मुख्यमंत्री बनाना भाजपा की परिपक्व राजनीति को दशार्ता है। विष्णुदेव साय का निर्णय राज्य में आदिवासी वोटर्स को ध्यान में रखते हुए सामने आया है। इससे पहले भी आदिवासी वोटर को साधने के लिए भाजपा ने कई सकारात्मक घोषणाएं की है। ऐसे में कहा जा सकता है कि भाजपा एक सोची-समझी रणनीति के तहत आगे बढ़ रही है।

स्वतंत्रता आन्दोलन में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे अनेक महान आदिवासी हुए हैं जिन्होंने भारत की मिट्टी एवं उसके स्वतंत्र अस्तित्व-आजादी के लिए अपना बलिदान एवं महान योगदान दिया। ऐसे महान वीर आदिवासियों से भारत का इतिहास समृद्ध है, जिनमें अप्पा साहब, तात्या टोपे, डा. बी.आर. अम्बेडकर, जयपाल सिंह मुण्डा, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गंडाधुरा, शहीद रानी दुगार्वाती, शहीद बीरसा मुंडा, शहीद सिद्धों, कानु, शहीद तिलका मांझी, शहीद गेंद सिंह, झाड़ा सिरहा जैसे महान आदिवासियों ने अपना बलिदान देकर समाज एवं देश के लिये एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। फिर क्या कारण है कि इस जीवंत एवं मुख्य समाज को देश की मूल धारा से काटने के प्रयास निरन्तर किये जा रहे हैं। आजादी के बाद बनी सभी सरकारों ने इस समाज की उपेक्षा की है। यही कारण है कि यह समाज अनेक समस्याओं से घिरा है। भाजपा आदिवासी समाज के अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाने के प्रयासों को नियंत्रित करने एवं सक्रिय होकर आदिवासी कल्याण की योजनाओं को लागू करने में जुटी है। निश्चित तौर पर लोकसभा चुनाव में आदिवासी वोट काफी अहम होगा। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में फिर आदिवासी कार्ड खेला है। विष्णुदेव साय प्रभावी आदिवासी नेता हैं और आदिवासी समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ है। भाजपा रणनीति के तहत आदिवासी एवं पिछड़े वर्ग को साधने की कोशिश शुरू कर दी है जिसके चमत्कारी परिणाम आयेंगे।

प्रेषकः
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई पी एक्सटेंसन, पटपड़गंज**
**दिल्ली-110092**
**फोनः-22727486, मोबाईलः- 9811051133**

# स्वदेशी रोजगार एवं व्यापार की आत्मा है

**- ललित गर्ग-**



भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का स्वदेशी एक महत्वपूर्ण आन्दोलन, सफल रणनीति व राष्ट्रीय दर्शन है। ह्यस्वदेशीह्न का अर्थ है- अपने देश का, अपने देश में निर्मित। इस रणनीति का लक्ष्य ब्रिटेन में बने माल का बहिष्कार करना तथा भारत में बने माल का अधिकाधिक प्रयोग करके साम्राज्यवादी ब्रिटेन को आर्थिक हानि पहुँचाना व भारत के लोगों के लिये रोजगार सृजन करना था। यह ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकने और भारत की समग्र आर्थिक व्यवस्था के विकास के लिए अपनाया गया साधन था। आज आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये स्वदेशी-दर्शन के बल पर भारत को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संकल्पबद्ध है। उपनिवेशी मानसिकता से मुक्त होकर, अपने देश में जो है उसको युगानुकूल बनाते हुए, ह्यस्वह्न आधारित स्व-देशी विकासपथ अपनाने की उनकी मुहीम का प्रभाव है कि हम अब सैन्य उपकरण तक आयात नहीं, बल्कि निर्यात करने की स्थिति में है। स्वदेशी कोई रूढ़िवाद नहीं, बल्कि रोजगार, व्यापार एवं संस्कृति की आत्मा है। 12 दिसंबर 1930 भारत के स्वदेशी आंदोलन का अत्यंत महत्वपूर्ण दिन बना, इसे आज भी स्वदेशी दिवस के रूप में याद किया जाता है।

लोकमान्य गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी के स्वदेशी अपनाने का आह्वान और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के आंदोलन से प्रेरित होकर विदेश वस्त्रों से भरी लारी को रोकते हुए बाबू गेनू शहीद हो गए। अंग्रेजों की हकुमत देश को आर्थिक रूप से लूट रही थी। अंग्रेज कपास, रेशम, पटसन व लोहा आदि कच्चे माल को भारत से विदेश ले जाते और लंदन से माल लाकर महंगे दामों पर बेचते। अंग्रेजों की इस कुटिल अर्थनीति को विफल करने के आन्दोलन में बाबू गेनू ने पूरी शक्ति से भाग लिया। देशप्रेम की भावना के वशीभूत होकर कभी-कभी सामान्य सा दिखायी देने वाला व्यक्ति भी बहुत बड़ा काम कर जाता है। ऐसा ही बाबू गेनू के साथ हुआ। एक बार उनका एक बैल पहाड़ी से गिर कर मर गया। इस पर बड़े भाई ने उसे बहुत डांटा। इससे दुखी होकर गेनू मुम्बई आकर एक कपड़ा मिल में काम करने लगा। उसी मिल में उसकी माँ कोंडाबाई भी मजदूरी करती थी। उन दिनों देश में स्वतन्त्रता का संघर्ष छिड़ा था। स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग तथा विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आन्दोलन जोरों पर था। 22 वर्षीय बाबू गेनू भी इस आन्दोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। मिल के अपने साथियों को एकत्र कर वह आजादी एवं स्वदेशी का महत्व बताया करते थे। 26 जनवरी, 1930 को ह्यसम्पूर्ण स्वराज्य माँग दिवसह्न आन्दोलन में बाबू गेनू की सक्रियता देखकर उन्हें तीन महीने के लिए जेल भेज दिया, पर इससे बाबू के मन में स्वतन्त्रता प्राप्ति की चाह और तीव्र हो गयी। 12 दिसम्बर, 1930 को मिल मालिक मैनचेस्टर से आये कपड़े को मुम्बई शहर में भेजने वाले थे। जब बाबू गेनू को यह पता लगा, तो उसका मन विचलित हो उठा। उसने अपने साथियों को एकत्र कर हर कीमत पर इसका विरोध करने का निश्चय किया। 11 बजे वे कालबादेवी स्थित मिल के द्वार पर आ गये। धीरे-धीरे पूरे शहर में यह खबर फैल गयी। इससे हजारों लोग वहाँ एकत्र हो गये। यह सुनकर पुलिस भी वहाँ आ गयी। कुछ ही देर में विदेशी कपड़े से लदा ट्रक मिल से बाहर आया। उसे सशस्त्र पुलिस ने घेर रखा था। गेनू के संकेत पर घोण्डू रेवणकर ट्रक के आगे लेट गया। इससे ट्रक रुक गया। जनता ने ह्यवन्दे मातरम्ह्न और ह्यभारत माता की जयह्न के नारे लगाये। पुलिस ने उसे घसीट कर हटा दिया, पर उसके हटते ही दूसरा कार्यकर्ता वहाँ लेट गया। बहुत देर तक यह क्रम चलता रहा। यह देखकर अंग्रेज पुलिस सार्जेण्ट ने चिल्ला कर आन्दोलनकारियों पर ट्रक चढ़ाने को कहा, पर ट्रक का भारतीय चालक इसके लिए तैयार नहीं हुआ। इस पर पुलिस सार्जेण्ट उसे हटाकर स्वयं उसके स्थान पर जा बैठा। यह देखकर बाबू गेनू स्वयं ही ट्रक के आगे लेट गया। सार्जेण्ट की आँखों में खून उतर आया। उसने ट्रक चालू किया और बाबू गेनू को रौंद डाला। सब लोग भौंचक रह गये। सड़क पर खून ही खून फैल गया। गेनू का शरीर धरती पर ऐसे पसरा था, मानो कोई छोटा बच्चा अपनी माँ की छाती से लिपटा हो। उसे तत्क्षण अस्पताल ले जाया गया पर उसके प्राण पखेरू तो पहले ही उड़ चुके थे। इस प्रकार स्वदेशी के लिए बलिदान देने वालों की माला में पहला नाम लिखाकर बाबू गेनू ने स्वयं को अमर कर लिया। तभी से 12 दिसम्बर को ह्यस्वदेशी दिवसह्न के रूप में मनाया जाता है।

इस प्रकार बाबू गेनू के बलिदान दिवस को पूरे देश में स्वदेशी दिवस के रूप में मनाया जाता। स्वदेशी उत्पाद उचित दाम के साथ लाभकारी सिद्ध होते है। स्वदेश की चीजों अपनाने से हमारा धन हमारे ही देश में रहता है एवं हमारे उत्पादों को बल मिलता है, इससे हमारी आर्थिक स्थितियां मजबूत होती है, व्यापार एवं उद्योग को बल मिलता है। विदेशी वस्तुओ और कंपनियों का सामान खरीद कर हम धीरे-धीरे अपने देश का पैसा बाहर भेज रहे हैं और चीन जैसे देश इसी से आर्थिक महाशक्ति बने हुए है। भारत की अर्थव्यवस्था विदेशी कंपनियों की गुलाम बन रही है, इससे बचने का एक मात्र उपाय है स्वदेशी प्रचार। अपने जीवन में जितना संभव हो सके स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वदेशी का ये भाव सिर्फ विदेशी कपड़े के बहिष्कार तक ही सीमित नहीं था, बल्कि ये हमारी आर्थिक आजादी का बहुत बड़ा प्रेरक था। आज उनके आह्वान पर ह्यवोकल फॉर लोकलह्न की स्पिरिट के साथ देशवासी पूरे मन से स्वदेशी उत्पाद खरीद रहे हैं और यह एक जन आंदोलन बन गया है। आत्मनिर्भर भारत का सपना बुनने और मेक इन इंडिया को बल प्रदान करने वाले लोग खादी को मात्र कपड़ा ही नहीं, बल्कि हथियार समझते हैं। यही कारण है कि नौ साल पहले खादी और ग्रामोद्योग का कारोबार मात्र 25 हजार, 30 हजार करोड़ रुपए के आसपास ही था। आज ये एक लाख तीस हजार करोड़ रुपए से अधिक तक पहुंच चुका है। पिछले 9 वर्षों में ये जो अतिरिक्त 1 लाख करोड़ रुपए इस सेक्टर में आए हैं। इस अतिरिक्त आमदनी से जुटा धन अब हथकरघा सेक्टर से जुड़े गरीब भाई-बहनों के पास पहुंच रहा है, यह धन गांवों एवं आदिवासियों के पास पहुंच रहा, इसी से गरीबी दूर हो रही है। नीति आयोग ने कहा भी है कि पिछले 5 साल में साढ़े तेरह करोड़ लोग भारत में गरीबी से बाहर निकले हैं स्वदेशी-अभियान को बल देते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक ने व्यापक उपक्रम किये हैं, स्वदेशी जागरण मंच इसके लिये प्रतिबद्ध है। रक्षाबंधन एवं दीपावली पर स्वदेशी निर्मित राखियों, दीयों एवं पटाखों के प्रयोग से न केवल आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाया है बल्कि असंख्य छोटे उद्योगों एवं कामगारों को ताकतवर बनाया है। गणेश उत्सव, दशहरा, दीपावली, दुगार्पूजा आदि पर्वों पर स्वदेशी के संकल्प को दोहरा कर हमने भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर किया है। आज वोकल फॉर लोकल की भावना के साथ देशवासी स्वदेशी उत्पादों को हाथों-हाथ खरीद रहे हैं, ये एक जनआंदोलन बन गया है। बापू ने आंदोलन के जरिए जनता से स्वदेशी चीजे अपनाने की बात कही। स्वावलंबी गाँव आर्थिक विकेंद्रीकरण का ही रूप है जिसका आधार स्थानीयता एवं उस पर आधारित प्रौद्योगिकी संसाधन है। इसका उद्देश्य लोगों की सेवा करना और उन्हें आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाना है। इस व्यवस्था में उत्पादन, उपभोग स्थानीय होने के कारण मालिक, श्रमिक और उपभोक्ता तीनों एक ही हो जाते हैं, यही इसकी विशिष्टता है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वावलम्बी अर्थ-व्यवस्था पर जोर दे रहे हैं, यह गांधी के सिद्धान्तों पर ही आधारित है। महात्मा गांधी ने हस्तशिल्प व कुटीर उद्योग को हमेशा बढ़ावा दिया है। उनके ग्राम स्वराज का सपना था कि गांव के कुटीर, लघु और कृषि उद्योग तेजी से आगे बढ़े। अगर देश का हर नागरिक सोचे कि जो वह स्वदेशी उत्पाद इस्तेमाल कर रहा है, उससे न केवल देश की कंपनी का फायदा होगा, बल्कि देश में ज्यादा से ज्यादा रोजगार उत्पन्न होंगे, तो देश तेजी से आत्मनिर्भर एवं आर्थिक ताकत बनने की ओर बढ़ेगा।

## मऊगंज न्यायालय परिसर में विधिक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया



**पुष्पांजलि टुडे**
**पुष्पेंद्र सिंह सेंगर**
**जिला ब्यूरो चीफ मऊगंज**

तहसील विधिक सेवा मर्यादित मऊगंज की तत्वाधान में विशाल स्वास्थ्य शिविर द्वारा न्यायालय प्रांगण जिला मऊगंज में फ्री सुविधा शुगर बीपी जांच किया गया 16 दिसंबर 2023 दिन शनिवार सुबह 11ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक शिविर लगाया गया जिसमें मऊगंज न्यायालय के न्यायाधीश गण का भी बीपी शुगर की जांच किया गया उपस्थित रहे श्री मान आदेश कुमार जैन साहब , श्री मान साजिद मोहम्मद , श्री मान आशीष मिश्रा , श्री मती गीता यूके , श्री मान राहुल कुमार नामदेव साहब उपस्थित रहे एवं मऊगंज के प्रतिष्ठित अधिवक्ता गण श्री धीरेंद्र सिंह सेंगर , अनिल तिवारी , राजकुमार मिश्रा , विपिन मिश्रा , आलोक मिश्रा, विजय कुमार सिंह गहरवार , सी एल पटेल , संतोष सिंह सेंगर , सुभाष सिंह बघेल , आशीष श्रीवास्तव , बालेंद्र प्रसाद मिश्र , अंकित शुक्ला , पुष्पराज तिवारी , बृजेश तिवारी , कमलेश पटेल , मनोज कुमार सिंह सेंगर , राकेश सिंह सेंगर , चंद्रकांत मिश्र , और अधिवक्ता साथी गड़ उपस्थित रहे एवं मऊगंज न्यायालय में उपस्थित पक्षकार गण भी अपने-अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया जिसमें योगदान उपस्थित डॉक्टर एवं नर्स स्टाफ सहित सभी का सराहनीय कार्य रहा मऊगंज न्यायालय प्रांगण के अंदर अपने स्वास्थ्य की जांच करने के लिए पहुंचे व्यक्तियों का जांच किया गया



## खुले में मांस मछली दुकान करने वाले के ऊपर की गई कार्रवाई



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**पुष्पेंद्र सिंह सेंगर**
**जिला ब्यूरो चीफ मऊगंज**

हनुमना,(नि, प्र,) नगर परिषद हनुमना द्वारा खुले में तथा बिना अनुमति पत्र लाइसेंस के मांस एवं मछली विक्रय करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की गई उसके अंतर्गत दिनांक 15, 12 ,2023 को 10 दुकानदारों को सूचना पत्र जारी कर समझाइए दी गई एवं दिनांक 16, 12, 2023 को राजेश मेहता एस,डी,एम, हनुमना के, एल, पनिका तहसीलदार, तहसील हनुमना, अरुण कुमार त्यागी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हनुमना, अनिल कुमार मिश्रा उप यंत्री नगर परिषद हनुमना, एवं नगर परिषद हनुमना के अन्य कर्मचारियों के साथ सामूहिक अभियान चलाकर खुले में मांस एवं मछली बेचने वालों दुकानदारो की दुकानों की जांच की गई कहीं पर भी खुले में मांस एवं मछली करते हुए नहीं पाया गया सभी दुकानदारों को नगर परिषद हनुमना से लाइसेंस प्राप्त कर वार्ड क्रमांक 2 बाईपास के पास स्थित मीट मार्केट में दुकान लगाने के लिए निर्देश दिए गए

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का मऊगंज में हुआ शुभारंभ

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
पुष्पेंद्र सिंह सेंगर
जिला ब्यूरो चीफ मऊगंज



**मऊगंज**---नगर परिषद मऊगंज द्वारा आयोजित कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत सिंचाई विभाग प्रांगण मऊगंज से की गई जिसमें मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल तथा मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पमाला तथा दीप प्रज्वलन कर शुरुआत की गई। मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए शहरी एवं ग्रामीण योजना क्षेत्र में चल रही योजनाओं की जानकारी दी तथा लोगों से कहा कि जिनकी जो समस्याएं हैं वह अपना आवेदन पत्र देते रहे जिसका निराकरण लगातार सरकार के द्वारा किया जाता रहे। वही मऊगंज कलेक्टर द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की सारी योजनाओं को लोगों को बताया तथा एक गोवंश घर ले आना है कि लोगों को शपथ दिलाई वही एलईडी के माध्यम से लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण दिखाया गया।कार्यक्रम में मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल, मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम एल चौरसिया,एस डी एम बृजेंद्र पांडेय, तहसीलदार शौरभ मरावी, जनपद अध्यक्ष नीलम इंद्रपाल सिंह, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, मंडल अध्यक्ष सुलेद्र गुप्ता, मऊगंज सीएमओ महेश पटेल,सीईओ मऊगंज, बीएमओ मऊगंज सहित आम जनता सहित नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत के तथा स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। यात्रा में सम्मिलित तीन गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



# देश दर्शन पर निकले मुंगावली सरस्वती शिशु मन्दिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के भैया बहिन





**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय**

**मुगांवली** --दिनांक 15 दिसम्बर को विद्या भारती मध्य भारत प्रान्त द्वारा संचालित शिशु मंदिर मुंगावली के भइया बहिन ऐतिहासिक नगरी चन्देरी के भृमण पर निकले लगभग 100 भैया बहिन आज प्रातः 9 बजे निजी वाहन बसों द्वारा राजा शिशु पाल के नगर चन्देरी घूमने गए भैया बहिनो ने चन्देरी पहुंचकर सबसे पहले जगत जननी माता रानी जागेश्वरी माई के दर्शन किया और प्रसाद ग्रहण किया उसके बाद सभी भैया बहिन संरक्षक आचार्य दीदियों के साथ किला कोठी घूमने गए वहां भैया बहिनो में बैजू बाबरा की समाधि , रानी मणि माला खंगार का जोहर स्थल , खूनी दरवाजा आदि देखे और वहीं पर सभी ने भोजन का आनंद लिया इसके बाद भैया बहिन बादल महल घूमते हुए ,लक्ष्मणमंदिर , कटी घाटी आदि घूमते हुए वापस शाम को विद्यालय आ गए इस देव दर्शन यात्रा में भैया बहिनो के साथ संरक्षक के रूप में आचार्य राधेश्याम उपाध्याय , मनोज चौबे , कृषण कुमार , दीदी रविकान्ता तिवारी , आरती श्रीवास्तब , जया ताम्रकार , ओर भारती अहिरवार के अलावा विद्यालय के भृत्य विष्णु शंकर भी थे भैया बहिनों ने देव दर्शन के माध्यम से ऐतिहासिक नगर चन्देरी के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

# 1971 में पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे हमारी सेना ने सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया ढाका विजय दिवस

**-दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**संवाददाता जितेंद्र राय**

**मुंगावली**-सरस्वती शिशु मन्दिर उच्चहतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया ढाका विजय दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विद्यालय के प्राचार्य विशाल भार्गव उपस्थित रहे उन्होंने सर्वप्रथम मां सरस्वती के चरणों में नमन करते हुये दीप प्रज्जवलन किया तथा अपने उद्बोधन में बताया कि मैं विजय दिवस के वीर क्रांतिकारियों को नमन करता हूं एवं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं जिन्होंने अपने जीवन की प्राणों की आहुति देकर अपनी मातृभूमि की सेवा की सीमा पर हमारे सैनिक देश की रक्षा



करते हैं जब हम जाकर घर पर आसानी से सोते हैं जीरो डिग्री सेल्सियस पर सैनिक हमारे डटकर खड़े हुए हैं मातृभूमि की सेवा के लिए और हम घरों पर सोते हुए नजर आते हैं ऐसे वीर क्रांतिकारियों को सैनिकों को मेरा शत-शत नमन भैया बहनों को उन्होंने बताया कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों को हमेशा सादर आदर करना चाहिए एवं उन्हें नमन करना चाहिए आवश्यकता प?ने पर हमें भी मातृभूमि की सेवा अवश्य करना चाहिए सन 1971 के युद्ध मे हमारे वीर सेनिको ने पाकिस्तान के 93 हजार सेनिको को बंदी बना लिया था ओर युद्ध मे भारत की जीत हुई थी इसी क्रम में हम हर वर्ष 16 दिसम्बर को ढाका विजय दिवस मनाते हैं इसके पश्चात विद्यालय के भैया बहिन ने अपने घोष दल के साथ नगर के विभिन्न मार्गो से नारे लगाते हुये वन्देमातरम् विजय दिवस अमर रहे। रैली पालीवाल कालोनी , चन्देरी रोड , गुर्जर मोहल्ला ,बाई पास रोड , बहादुर पुर रोड ,बस स्टैंड, इमली चौराहा, से होकर निकली शिशु मन्दिर के आचार्य राधेश्याम उपाध्याय ने रानी अबन्ति बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा भैया बहिनों को ढाका विजय दिवस के वीर सैनिकों के वारे में जानकारी दी और इमली चौराहे पर अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा पर भी माला पहनाई अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य दीदियां शामिल रहे।

# 2 बर्ष के अंदर निर्णय पारित कर नगर पालिका के विरुद्ध 7,89,100 रू की धन राशि अदायगी के आदेश





अनिल कुशवाह
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-द्वितीय व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ खंड श्रीमान जितेंद्र मेहर जिला शिवपुरी मप्र एक वाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जिसमे वादी द्वारा नगर पालिका के विरुद्ध 7,89,100 रू की शेष धन राशि अदायगी के लिए माननीय न्यायालय में वाद माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जिसमे 2 बर्ष के अंदर निर्णय पारित किया जिसमे वादी की ओर से पैरवी अधिवक्ता पंकज आहूजा, विनोद शर्मा, राशिद जाफरी, चन्द्रशेखर भार्गव, आयुषी सिंह राणा, रंजना कुशवाहा, वर्षा बर्मा, आकाश जैन एवं, एक्शन लीगल फार्म मामले के पक्षकार मैसर्स मदान फार्म द्वारा करुण मदान बनाम मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवपुरी एमपी जिसमे वादी फार्म मैसर्स मदान ने ऑनलाइन संविदा के माध्यम से निविदा प्राप्त की जिसमे वादी फर्म को कुल राशि 14,45000 राशि में से आधी राशि ही अदा की जिसके बाद नगरपालिका द्वारा वादी फर्म को राशि अदा करने से इंकार कर दिया गया वादी फर्म द्वारा न्यायालय में गुहार लगाई।जिसमे न्यायालय द्वारा सभी गाबाह एवं दस्ताबेजो का अवलोकन कर वादी के पक्ष में नगर पालिका को आदेशित किया ।न्यायालय द्वारा विवेचना के आधार पर वादी अधिसंभवताओ की प्रबलताओ के आधार पर अपना वाद प्रमाणित करने में सफल रहा है। अतः वादी का वाद स्वीकार किया जाकर निम्नानुसार जयपत्रित किया।वादी को प्रतिवादी से बकाया धनराशि 7,89,100 रू प्राप्त करने का अधिकारी है। जिसमे कुल राशि 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ अदा करने एवं साथ में वाद व्यय एवं अभिभाषाक शुल्क भी अदा करने का फैसला सुनाया।

## टेंट का सामान लेकर जा रहा ट्रेक्टर पलटाःड्रायवर की मौके पर मौत, ट्रैक्टर का बैलेंस बिगड़ने से हुआ हादसा।

आलोट। राम सिंह दरबार मगरे पर ट्रेक्टर पलट जाने से ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। आलोट के पास स्थित गांव शेरपुर से टेंट का सामान लेकर ट्रैक्टर ट्राली आलोट आ रही थी। राम सिंह दरबार मगरे की घाटी उतारने के दौरान हुआ।बताया जा रहा है किइसी दौरान ट्रैक्टर अनबैलेंस होकर रोड से नीचे उतर गया। हादसे में शेरपुर निवासी समरथ पिता बद्रीलाल जाती सूर्यवंशी उम्र 22 वर्ष की मोत हो गयी।

# इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन शिवपुरी द्वारा शहीद तात्या टोपे स्मारक पर विजय दिवस मनाया गया

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** - कार्यक्रम की शुरुआत महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी। तद्उपरान्त जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा ने रीथ चढ़ा कर शहीदों को श्रध्दान्जली दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने 1965 और 1971 के युद्ध में अपनी वीरता का परचम लहराने वाले कैप्टन चंद किशोर चतुर्वेदी, नायब सूबेदार त्रिलोकी नाथ बट, नायक रघुवीर सिंह सोलंकी, हवलदार कैलाश सिंह जादौन को साँल उड़ा कर, माला पहनाकर और श्रीफल देकर सम्मान किया। इस अवसर पर अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा

**÷भरा नहीं जो भावों से,**
**बहती जिसमें रसधार नहीं ।**
**हृदय नहीं वह पत्थर है,**
**जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं।**

÷ वंश ए सोल्जर ऑलवेज सोल्जर÷ यह बात 1965 और 1971 की लड़ाई लड़ चुके , जिन्होंने अपना लोहा मनवाया कैप्टन चन्द्र किशोर चतुर्वेदी ने इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन शिवपुरी द्वारा आयोजित विजय दिवस के अवसर पर बोलते हुए कही। नायब सूबेदार त्रिलोकी नाथ बट ने कहा मात्र 13 दिनों में पाकिस्तान को हरा



दिया। पूर्वी पाकिस्तान को बंगला देश बना दिया।। 93000 पाकिस्तानी सैनिकों ने समर्पण किया जो एक विश्व रिकार्ड है। इस अवसर पर भिलोड़ी के सरपंच हवलदार केशव सिंह यादव ने कहा कि संघे शक्ति कलयुगे , कलयुग में संगठन में शक्ति होती है अतः सभी लोग संगठन में मिलकर काम करें एक दूसरे के विषय में जाने एक दूसरे की मदद करें सुख और दुख में एक दूसरे के साथ रहे।इस अवसर पर महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा शर्मा ने कहा कि महिला शक्ति को बढ़ाने के लिए सभी पूर्व सैनिकों की महिलाएं संगठन में सम्मिलित हो। और महिलाओं को आगे बढ़ाने में मदद करें । शिक्षा कभी पूर्ण नहीं होती है , एक दूसरे से सीखें समाज में आगे बढ़े , परिवार के प्रति अपने दायित्व को पूरा करें , और वीर नारियों , पूर्व सैनिकों के परिवारों की मिलकर मदद करें । संकट की घड़ी में सभी एक हो जाए । आज के युग में हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही है, सभी लोग मिलकर आगे बढ़े। इस अवसर पर कुलदीप मिश्रा , मानसिंह फौजी, पुष्पेंद्र जोशी , द्वारका प्रसाद रावत, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव , उपाध्यक्ष गीता पवार, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर विशाल जोशी , कोऑर्डिनेटर बृजेश कुमार राठौर जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा , उपाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा , उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव , त्रिलोकी नाथ बट, कैलाश सिंह जादौन , रघुवीर सिंह सोलंकी , भानु कुशवाहा , मनोज कुमार शर्मा, श्रीमती अशोक शर्मा , ,धर्मेंद्र सिंह राजावत खोखर , महासचिव सोनू गुप्ता , एस आई सुरेश कुमार शर्मा , केशव सिंह यादव , मानसिंह फौजी , मनोज कुमार दीक्षित , शहर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजावत, रामदास आर्य, अजय कुमार तिवारी, केदार सिंह परमार , सुनील कुमार सिंह , रामरेश सेंगर उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने किया और आभार व्यक्त कोऑर्डिनेटर बृजेश कुमार राठौर ने किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा मानस भवन में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया शुभारंभ





**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उज्जैन से कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां शिवपुरी में जिला स्तरीय कार्यक्रम मानस भवन में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष राजू बाथम, विधायक करैरा रमेश खटीक, विधायक कोलारस महेंद्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नगरपालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी, मंडल अध्यक्ष विपुल जैमिनी, केपी परमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ प्रदान करना हैं इसके लिए ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में शिविर लगाए जायेंगे।

# रीवा गोविंदगढ़ रेलवे मार्ग पर शीघ्र दौड़ेगी नई ट्रेन, अधिकारियों ने ट्रायल

**रीवा। जिले के चहुओर विकास के प्रति तत्पर रीवा विधायक एवं मध्य प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल तथा सांसद जनार्दन मिश्रा के अथक प्रयास से रीवा ललितपुर सीधी रेलवे लाइन की स्वीकृत पूर्व में ही मिल गई थी। दरुत गति से कार्य भी प्रारंभ था जिसमें रीवा से गोविंदगढ़ तक के रेलवे मार्ग का काम शत-प्रतिशत पूरा किया जा चुका है। ऐसा बना जा रहा है कि रीवा से गोविंदगढ़ तक के लिए ट्रेन शीघ्र ही पटरी पर दौड़ेगी। रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा रीवा एसडीएम अनुराग तिवारी, तहसीलदार के साथ आज मौका मुआयना करने रेलवे ट्रैक पर पहुंचे तथा गोविंदगढ़ तक स्थल का ट्रायल लेते हुए पहुंचे।**

**नवभारत साक्षरता को लेकर संस्था प्रभारी की बैठक का आयोजन-बीआरसी बदरवास**

# यू डाइस का कार्य दो दिवस में करें पूर्ण नहीं तो होगी कार्रवाई- पंकज सोनी संकुल प्राचार्य

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जिला शिक्षा केंद्र के निर्देश के पालन में शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन को लेकर संकुल केंद्र रन्नौद पर जन शिक्षा केंद्र रन्नौद,अमारा एवं देहरदा गणेश की बैठक का आयोजन किया गया.बैठक में 100 से अधिक संस्था प्रधान एवं एवं कक्षा दो-तीन पढ़ने वाले शिक्षक उपस्थित थे. नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत सभी ग्रामों में आसाक्षर का चिन्ह्यांकन कर साक्षरता पंजी का संधारण करना एवं पूर्ण साक्षर गांव और शहर का प्रमाण पत्र देने सर्वे की किए गए असाक्षर की जानकारी प्रदान करना, कार्य समय सीमा में पूर्ण करना है नियमित रूप से अक्षर पोथी के माध्यम से सामाजिक चेतना केदो का संचालन कर असाक्षरों को साक्षर करने तथा फोटो ग्रुप में भेजने के निर्देश दिए गए।फरवरी माह में होने वाली नवभारत परीक्षा में नव साक्षरों की परीक्षा के बाद 50त्न गांव साक्षरों हो ऐसा प्रयास किया जाना चाहिए.शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कार्य समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया गया।कलेक्टर महोदय के निर्देश के पालन में यू डाइस का कार्य समय सीमा में पूर्ण करना था जो कि संस्था प्रभारी द्वारा आज दिनांक तक पूर्ण नहीं किया गया है,उन्हें अंतिम चेतावनी देते हुए अवगत कराया गया कि दो दिवस में पूर्ण कर ले. विदित है की यू डाइस का कार्य तीन चरण में पूर्ण करना था जिसमें संस्था,शिक्षक एवं बच्चों का प्रोफाइल अपडेट करना था संस्था और शिक्षक के मामले में विकासखंड की स्थिति अच्छी नही है. इसके साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन को लेकर भी समीक्षा की गई सीएम हेल्पलाइन को संतुष्टि पूर्वक बंद करना अनिवार्य है. समस्त जन शिक्षक सीएम हेल्पलाइन को संतुष्टि पूर्वक बंद करना सुनिश्चित करेंगे.बार-बार अवगत कराने के बाद भी गणवेश वितरण की फीडिंग नहीं की गई है यह कार्य भी पूर्ण



करना है निःशुल्क पुस्तकों का वितरण पूर्व में ही कर दिया गया था इसके बाद भी निशुल्क पुस्तकों की फीडिंग जिसमें ऐड ग्रेड,दक्षता, प्रयास तथा एफएलएन की पुस्तक शामिल है उसकी रिसीविंग एवं बच्चों को वितरण संस्था प्रभारी द्वारा नहीं किया गया है जो की लापरवाही का घोतक है.प्राचार्य रनोद पंकज सोनी द्वारा छात्रवृत्ति के संबंध में निर्देश दिए.छात्रवृत्ति हेतु प्रोफाइल अपडेट करना था उस कार्य में भी संस्थाओं द्वारा कार्य में नहीं किया गया है सभी समय सीमा में पूर्ण करें जिससे कि सभी को छात्रवृत्ति शासन के निर्देश अनुसार प्राप्त हो सके.कलेक्टर महोदय के निर्देश के पालन में शालाओं का संचालन नियमित हो एवं शिक्षक तथा बच्चे नियमित संस्था पर उपस्थित हो.कक्षा 5और 8 की परीक्षा 20 दिसंबर से प्रारंभ होकर 28 दिसंबर तक चलेंगी.इस संबंध में प्राप्त सामग्री का वितरण तत्काल सुनिश्चित करें.नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जो निर्देश प्रदाय किए गए हैं वह कार्य आपको समय सीमा में पूर्ण करना है.जो संस्था प्रभारी जानबूझकर शासकीय कार्यों के आदेश का पालन नहीं कर रहे वह कार्रवाई के लिए तैयार रहें या फिर दो दिवस में दिए गए निर्देशों के अनुरूप कार्य पूर्ण कर कर ले।समय सीमा निकालने के बाद भी ऐसे सभी विद्यालय जिनके द्वारा शत् प्रतिशत कार्य नहीं किया गया है उनकी नोट शीट बनाकर जिला शिक्षा अधिकारी महोदय को वेतन वृद्धि रोकने हेतु प्रेषित की जा रही है. विकसित भारत संकल्प यात्रा अतिशीघ्र बदरवास विकासखंड में प्रारंभ होगी.जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय द्वारा जो निर्देश दिए उसके अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित कर लें विकास यात्रा जहां-जहां से गुजरेगी वहां पर सभी संस्था प्रभारी को पूर्व से ही सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रम अन्य गतिविधियां खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर उन बच्चों को प्रोत्साहित करना है कृपया इसकी तैयारी सुनिश्चित करें स्कूलों में साफ सफाई,एमडीएम का वितरण मीनू अनुसार किया जा सके एवं स्कूलों का संचालन नियमित हो तथा छात्र उपस्थिति पर ध्यान देने की आवश्यकता है.विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए विकासखंड पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसके प्रभारी गोपाल बीएससी होंगे एवं विकासखंड के नोडल गुरुप्रसाद शर्मा ड्डुड्ड रहेंगे. मीटिंग में जन शिक्षक शिवनाथ चौहान, राकेश श्रीवास्तव,संतोष सेन एवं चंद्रेश रघुवंशी उपस्थित थे




# ...तो गंभीर रूप ले सकता है अनीमिया

**अनीमिया एक ऐसी स्थिति होती है जिसमें शरीर के अंदर खून की कमी हो जाती है। अगर समय रहते इसका निदान न किया जाए तो यह गंभीर रूप ले सकता है। इसलिए जरूरी है कि आपको अनीमिया, उसके लक्षण व कारणों के बारे में पूरी जानकारी हो। साथ ही यह भी पता हो कि ऐसी कौन-सी चीजें हैं, जिन्हें खाने से अनीमिया को ठीक किया जा सकता है।**



### अनीमिया के लक्षण

सबसे पहले तो यह जानने की जरूरत है कि किन लोगों को अनीमिया आसानी से अपनी गिरफ्त में ले सकता है। ऐसे लोग जो लंबे समय से किसी बीमारी या इंफेक्शन का शिकार हैं उन्हें अनीमिया आसानी से हो सकता है। अनीमिया के कुछ प्रकार अनुवांशिक होते हैं, लेकिन यह खराब डायट और जीवनशैली की वजह से भी हो सकता है। बात करें इसके लक्षणों की, तो थकान, कमजोरी, त्वचा का पीला होना, दिल की धड़कन का असामान्य होना, सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना, सीने में दर्द, हाथों और पैरों का ठंडा होना, सिरदर्द आदि अनीमिया की तरफ इशारा करते हैं। इसके अलावा स्टूल के कलर में बदलाव, कम ब्लड प्रेशर, स्किन का ठंडा पड़ना, स्प्लीन का साइज बढ़ना भी अनीमिया के लक्षण हैं।

### ये लक्षण भी हैं खतरनाक

सिर, छाती या पैरों में दर्द होना, जीभ में जलन होना, मुंह और गला सूखना, मुंह के कोनों पर छाले हो जाना, बालों का कमजोर होकर टूटना, निगलने में तकलीफ होना, स्किन, नाखून और मसूड़ों का पीला पड़ जाना आदि कुछ ऐसे लक्षण हैं जो अनीमिया के एक गंभीर रूप की ओर इशारा करते हैं। अगर अनीमिया लगातार बना रहे तो डिप्रेशन का रूप ले सकता है।

### अनीमिया के प्रकार और कारण

अनीमिया 3 तरह का होता है - माइल्ड, मॉडरेट और सीवियर। अगर बॉडी में हीमोग्लोबिन 10 से 11 के आसपास हो तो इसे माइल्ड अनीमिया कहते हैं। वही अगर हीमोग्लोबिन 8 से 9 होता है तो इसे मॉडरेट अनीमिया कहते हैं। जबकि सीवियर अनीमिया में हीमोग्लोबिन 8 से कम होता है। यह एक गंभीर स्थिति होती है, जिसमें मरीज की हालत के अनुसार खून चढ़ाने की भी नौबत आ जाती है। अनीमिया कई वजहों से हो सकता है। जैसे कि हेमरेज होने या फिर लगातार खून बहने की वजह से भी शरीर में खून की कमी हो जाती है। इसके अलावा फॉलिक ऐसिड, आयरन, प्रोटीन, विटमिन सी और बी 12 की कमी हो जाए तो अनीमिया हो सकता है। डॉक्टरों के अनुसार, अगर फैमिली हिस्ट्री में ल्यूकेमिया या थैलीसीमिया की बीमारी रही है तो फिर उस स्थिति में अनीमिया होने के चांस 50 फीसदी तक बढ़ जाते हैं।

### आयरन की कमी से होता है अनीमिया

अनीमिया रक्त संबंधित बीमारी है जो महिलाओं में ज्यादा पायी जाती है। शरीर में आयरन की कमी के कारण यह समस्या होती है। विटमिन बी12, फोलिक ऐसिड, कैल्शियम युक्त आहार आदि इससे बचाव करते हैं। इन चीजों से इस बीमारी के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

**रोज खाएं चुकंदर** - चुकंदर में आयरन की भरपूर मात्रा होती है, इसे खाने से शरीर में खून की कमी नहीं होती। इसको रोज अपने खाने में सलाद या सब्जी बनाकर प्रयोग करने से शरीर में खून बनता है। चुकंदर की जड़ों को भी प्रयोग कर सकते हैं, इसमें विटमिन ए और सी होता है।



**अंजीर खाएं** - अनीमिया के लिए अंजीर काफी फायदेमंद माना जाता है। अंजीर में विटमिन बी12, कैल्शियम, आयरन, फॉस्फॉरस, पोटैशियम जैसे जरूरी तत्व पाए जाते हैं जो खून की कमी को दूर करते हैं। यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में भी मददगार है।

**टमाटर का सूप पिएं** - टमाटर में विटमिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा इसमें बीटा केरोटिन और विटमिन ई भी पाया जाता है जो आयरन की कमी को दूर करता है। टमाटर को सलाद के अलावा इसका सूप भी पी सकते हैं।

**अंडा खाएं** - अंडे में प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है, यह एक अच्छा ऐंटिऑक्सिडेंट भी है जो शरीर को बीमारियों से बचाकर आयरन की कमी दूर करने में मदद करता है। एक बड़े अंडे में 1 ग्राम आयरन होता है जो खून की कमी दूर करता है। अंडे को ब्रेकफस्ट में शामिल कर खून की कमी दूर करें।

**आयरन से भरपूर अनार** - अनार ऐसा फल है जिसमें विटमिन सी और आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। अनार का सेवन करने से शरीर में रक्त का संचार बढ़ता है और यह अनीमिया से लड़ने में भी मदद करता है। इसके अलावा अनार कमजोरी और थकान को भी दूर करता है।

**फल और सब्जियां ज्यादा खायें** - अनीमिया से ग्रस्त लोगों को यह सलाह दी जाती है कि वे फल और हरी सब्जियां ज्यादा खाएं। फल जैसे खजूर, तरबूज, सेब, अंगूर, आदि खाने से शरीर में खून तेजी से बढ़ता है और अनीमिया की शिकायत दूर होती है।

## अनीमिया के बारे में खास बातें

अनीमिया मुख्य रूप से तीन तरह का होता है, लेकिन सबसे आम आयरन की कमी से होने वाला अनीमिया है। आंकड़ों के मुताबिक, करीब 90 फीसदी लोगों में यही अनीमिया होता है।

कुछ लोग आइस क्यूब बहुत खाते हैं। अगर ऐसा है तो फिर यह अनीमिया का लक्षण हो सकता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अनीमिया की एक खास क्वॉलिटी भी होती है। अनीमिया मुख्य रूप से आयरन की कमी से होता है और जब शरीर में आयरन कम हो जाता है तो इंफेक्शन पैदा होने का खतरा नहीं होता। ऐसा इसलिए क्योंकि ज्यादातर बैक्टीरिया अपनी पावर बढ़ाने के लिए आयरन पर निर्भर होते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, गर्भवती महिलाओं में अनीमिया होने का अत्यधिक खतरा रहता है। दुनियाभर में 40 फीसदी गर्भवती महिलाओं को अनीमिया होता है। वैसे तो गर्भवती महिलाओं में 20 से 30 फीसदी अधिक ब्लड सप्लाई होता है ताकि गर्भ में पल रहे बच्चे को ज्यादा मात्रा में ऑक्सीजन मिले। लेकिन ऐसा हमेशा संभव नहीं हो पाता कि गर्भवती महिलाओं के शरीर में इतनी अत्यधिक मात्रा में ब्लड प्रड्यूस हो।



# वजन करना है कम या बीपी रखना है नॉर्मल तो रोज सुबह पिएं गर्म पानी

**शरीर के लिए पानी कितना अहम है इसके बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर रोज सुबह खाली पेट आप गर्म पानी पिएं तो हेल्थ को कई फायदे होते हैं।**

### पाचन रहे दुरुस्त

गर्म पानी पाचन में मदद करता है। ऐसा खाना जिसे पेट आसानी से पचा नहीं पा रहा हो उसे ब्रेक करने और पचाने में गर्म पानी काफी मदद करता है, इससे पेट साफ रहता है और पाचन संबंधी कोई और समस्या परेशान नहीं करती।

### वेट लॉस

पाचन दुरुस्त रहे तो वेट लॉस में भी मदद मिलती है। साथ ही में गर्म पानी फैट लॉस में भी मदद करता है।

### पेट दर्द व मरोड़ में राहत

पेट दर्द होने पर या मरोड़ चलने पर भी गर्म पानी काफी राहत देता है। हालांकि इसका ध्यान रहे कि पानी को धीरे-धीरे पिएं, एकदम से गर्म पानी पीना नुकसान कर सकता है। वहीं रोज सुबह गर्म पानी पिएंगे तो ये परेशानियां होंगी ही नहीं।

### ब्लड सर्कुलेशन सुधारता है


सुबह गर्म पानी पीने से ब्लड फ्लो और सर्कुलेशन को सुधारने में भी मदद मिलती है, यह बीपी को नॉर्मल रखने में भी मदद करता है।

### गला रहेगा साफ

अक्सर सुबह उठने पर लोग कफ की शिकायत करते हैं, ऐसे में गर्म पानी पीने पर उन्हें राहत महसूस होगी। गर्म पानी कफ की समस्या को दूर कर गले को साफ रखता है।

### बॉडी होगी टॉक्सिन फ्री

शरीर के टॉक्सिन को बॉडी से बाहर निकालने में भी गर्म पानी काफी मदद करता है। यह न सिर्फ हेल्थ पर पॉजिटिव असर डालता है बल्कि स्किन पर भी ग्लो लाता है।





**बारिश का मौसम वैसे तो इंजॉय करने वाला मौसम होता है लेकिन अकसर यह बीमारियों वाला मौसम साबित हो जाता है। बरसात होने के बाद तपती गर्मी से राहत तो मिलती है लेकिन उमस के कारण इस मौसम में बैक्टीरिया तेजी से बढ़ते हैं। इस कारण इस मौसम में कई बीमारियां फैलती हैं।**

बरसात के मौसम में पानी से फैलने वाली बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। ऐसे में ठीक होने के लिए लोग ऐंटिबायॉटिक्स का सहारा लेते हैं। अकसर लोग बिना डॉक्टर की सलाह के ही ऐंटिबायॉटिक्स ले लेते हैं। अगर आप भी बीमार पड़ने पर बिना डॉक्टर से पूछे ऐंटिबायॉटिक्स दवाइयां खाते हैं तो सावधान हो जाइए। आपको इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। बेवजह ऐंटिबायॉटिक्स का इस्तेमाल आपको अन्य बीमारियों के प्रति असुरक्षित बना सकता है क्योंकि इससे कई अच्छे बैक्टीरिया मर जाते हैं। ज्यादा इस्तेमाल से शरीर में ऐंटिबायॉटिक्स के लिए प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ जाती है। ऐसे में हो सकता है कि जरूरत पड़ने पर शरीर को इसका फायदा न पहुंचे। बेवजह ऐंटिबायॉटिक्स खाने से बेहतर होगा कि आप बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक रहें और उनसे बचने की कोशिश करें।



# बेवजह न करें ऐंटिबायॉटिक्स का इस्तेमाल

# डॉ अन्नपूर्णा भदौरिया स्मृति सम्मान समारोह संपन्न

डॉ अन्नपूर्णा भदौरिया स्मृति सम्मान समारोह चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स सभागार में आयोजित हुआ इस कार्यक्रम में राजीव शर्मा आईएएस, अध्यक्ष प्रोफेसर विनय पाठक कुलपति, विकास भदौरिया एबीपी न्यूज़, जगदीश तोमर संस्था मार्गदर्शक, एवं डॉ अरुण कुमार यदु, एवं डॉ सतीश सिकरवार, उपस्थित हुए, सर्वप्रथम सरस्वती वंदना और अतिथियों के द्वारा डॉ अन्नपूर्णा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पुस्तक का विमोचन किया गया । डॉक्टर अन्नपूर्णा कल्चर एवं सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के तहत रंजना सिंह को सम्मान पत्र शॉल एवं ?11000 राशि प्रदान कर सम्मानित की गई। कार्यक्रम की संयोजिका अंशु सिंह ने अतिथि स्वागत उद्बोधन के साथ संस्था का परिचय दिया। अतिथियों का स्वागत सुखदेव सिंह सेंगर ,ज्योति परिहार रमेश कटारिया पारस,लोकेश तिवारी सीता चौहान मंजू लता आर्य , धैर्य , देवेंद्र तोमर आकाश शर्मा मनीराम शर्मा उदयभान रजक सोनू सेंगर सरस्वती सिंह सुरेश सरल गिरिराज सिंह बॉबी शर्मा डॉक्टर सरिता सिंह लखन यादव धर्मेंद्र शर्मा,निशि भदौरिया आज उपस्थित साहित्यकारों कवियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर ज्योत्स्ना सिंह राजावत ने किया । शहर के वरिष्ठ कविगण उपस्थित रहे सुरेश सम्राट , साजन ग्वालियरी, चेतराम,कुन्दा जोगलेकर, सुबोध चतुर्वेदी, राजरानी शर्मा, भगवान स्वरूप चैतन्य। इसी क्रम में काव्यांजलि का शुभारंभ रविंद्र रवि के द्वारा किया गया सर्वप्रथम कोरबा से पधारे हीरामणि जी ने बहुत सुंदर पंक्तियां के साथ अपना काव्य पाठ आरंभ किया....



मैं हूँ यौवन सा उलझा हुआ, इश्क़ अल्हड़ सी
है तू प्रिये!
गर मैं सुनसान इक द्वार हूँ, भीड़ नुक्कड़ की है
तू प्रिये!
दास कबीरा सा मैं हूँ अगर, नेहा कक्कड़ सी
है तू प्रिये!
मैं बनारस का इक घाट हूँ, चाय कुल्हड़ की
है तू प्रिये!
हीरामणी वैष्णव
कोरबा (छत्तीसगढ़)

डाक्टर होकर आप
कैसी बात करते हैं
इस देश में लोग जहर से नहीं
दवाईयों से मरते हैं ।।
मनोहर मनोज कटनी

याद तुम्हारी लहरों पर पतवार दिसंबर में
डूब रहे मन को जैसे त्योहार दिसंबर में
सिहरन नहीं छुअन होती थी आंच थी मीठी-मीठी
साथ तुम्हारा उस सर्दी में जैसे नर्म अंगीठी।
डॉ श्लेष गौतम प्रयागराज

तकलीफों का लिए पिटारा बैठी हूं।
टूटे मन का लिए सितारा बैठी हूं।
मां कहती है तुम सबके दुःख हरते हो,
राम तुम्हारा लिए सहारा बैठी हूं।
शिवांगी प्रेरणा भोपाल (मध्यप्रदेश)

अभी गर्दिशों से हारा नहीं हूँ ,
जुगनू हूं टूटा सितारा नहीं हूं,
हसीनों से नज़र मिलाऊं कैसे ,
शादी शुदा हूं कुंआरा नहीं हूं।।
डॉ प्रवीण राही मुरादाबाद उत्तर प्रदेश

मैं बनारस का एक घाट,
तेरी खातिर कोई आंसू बहाना याद तो रक्खे
तेरा लिक्खा हुआ कोई तराना याद तो रक्खे
भले थोड़े सही लेकिन हमेशा काम ऐसे रख
कि तेरे बाद भी तुझको ज़माना याद तो रक्खे
-रवीन्द्र रवि

गिरते गिरते संभाल देता है,
मेरे कदमों को चाल देता है।
कुछ भला दूं तो कैसे दूं उसको,
वो सलीके से टाल देता है

# 1971 पाक युद्ध विजय दिवस पर बीएसएफ अकादमी में शहीदों को याद किया

**ग्वालियर।** सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में आज 16 दिसंबर को 1971 में भारत पाक युद्ध के दौरान भारत की विजय पर 52 वे साल में एक समारोह आयोजित कर जहां 1971 में शहीद हुये बीएसएफ अधिकारियों और कर्मियों को याद किया वहीं इस अवसर पर मेजर जनरल सेवा निवृत अजय सेठ ने हृदय स्पर्शी वृतांत को सुनाया जिसे सुनकर हॉल में बैठे लोगों जिसमें नागरिक परिषद ग्वालियर के लोगों ने रोमांच का अनुभव करते हुये 1971 की याद को ताजा किया। उल्लेखनीय है कि 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान देश की अग्रिम रक्षा पंक्ति बीएसएफ ने अपना महत्वपूर्ण योगदान उस समय दिया था जब वह 1965 में गठन के बाद शैशव काल में थी। उस समय बीएसएफ के पहले निदेशक केएफ रूस्तम जी के अथक योगदान और तत्कालीन बीएसएफ अकादमी टेकनपुर अकादमी ब्रिगेडियर बीसी पांडे के अथक प्रयासों से बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी को प्रशिक्षण दिया गया और अंत में सेना अर्ध सैनिक बलों ने समन्वय से युद्ध लडकर पाकिस्तान को परास्त कर विश्व का सबसे बडा आत्मसमर्पण कराया।

इस अवसर पर अपने उदबोधन में सेवा निवृत मेजर जनरल अजय सेठ ने अपने संस्मरण तथा किताबों



में लिखे वृतांत को जीवंत सुनाते हुये कहा कि 1970 में पाकिस्तान में हुये आम चुनावों में पाकिस्तान के राष्ट्रपति मोहम्मद याहया खान ने अपनी हार के बाद पूर्वी पाकिस्तान शेख मुजीबररहमान की अवामी लीग की जीत के बाद उन्हें पाकिस्तान का राष्ट्रपति नहीं बनने दिया और अपने विश्वस्त टिक्का खान को ढाका भेजकर पूर्वी पाकिस्तान के लोगों पर अत्याचार किये। उसके बाद पूर्वी पाकिस्तान के लोगों ने भारत की तरफ पलायन करना शुरू किया । इसके बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ युद्ध करने की घोषणा कर दी। इसके पहले सेना प्रमुख ने तो युद्ध की मना कर दी बाद में भारत पर युद्ध थोपा गया। मेजर जनरल अजय सेठ ने बताया कि पाकिस्तान के साथ तीन दिसंबर को शुरू हुआ युद्ध में भारत के भी कई सेना और अर्धसैनिक बल के अधिकारी एवं सैनिक शहीद हुये। लेकिन युद्ध के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री ने पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश के नाम से अलग राष्ट्र बनाया। उन्होंने पाकिस्तान के साथ युद्ध की घटनाओं का विस्तार से वर्णन किया। मेजर जनरल के वृतांत सुनकर लोग रोमांचित और भाव व्हिवल हो गये। मेजर जनरल के वृतांत सुनकर लोग 1971 के युद्ध की याद ताजा की। उन्होंने ऐसे संस्मरण सुनाये जो युद्ध को ताजा कर गई। इस अवसर पर बीएसएफ के एडीजी एवं अकादमी निदेशक रवि गांधी ने भी अपने कर्तव्य के दौरान बांग्लादेश में जाकर वहां के हालातों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का युद्ध बहुत कुछ सीख भी सेना और अर्धसैनिक बल के लोगों को देता है वहीं अर्धसैनिक दल और सेना के लोग उससे प्रेरणा भी लेते हैं। वहीं तत्कालीन युद्ध के क्षेत्रों में जाकर वहां की जानकारी लोगों से अर्जित की। इस अवसर पर नागरिक परिषद के लोगों ने मुख्य अतिथि मेजर जनरल सेवा निवृत अजय सेठ , निदेशक अकादमी रवि गांधी संयुक्त निदेशक केएल शाह का स्वागत किया।

## जीतू पटवारी मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष; उमंग सिंघार नेता प्रतिपक्ष और हेमंत कटारे उपनेता बने



**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस को अब युवा अध्यक्ष मिल गया है। कांग्रेस हाईकमान ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को हटाया मध्यप्रदेश कांग्रेस की कमान पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को सौंप दी है। साथ ही आदिवासी नेता उमंग सिंघार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। साथ ही अटेर से विधायक हेमंट कटारे को उपनेता बनाया गया है। इसकी पुष्टि मीडिया विभाग का प्रदेश अध्यक्ष केके मिश्रा ने की है। वहीं इन नियुक्तियों से स्पष्ट है कि कांग्रेस अब युवा नेतृत्व के साथ लोकसभा में उतरेगी। एआईसीसी अब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सेवायें पुनः दिल्ली में ले सकती है।

## जन-जन तक पहुंचाएंगे सरकार की योजनाओं का लाभ : विधायक राठौर

**ग्वालियर।** यह एक बहुत बडा अवसर है जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर हम स्वयं जरूरतमंद, गरीब, शोषित एवं पीड़ित लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। यह योजना केवल शासकीय अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी है। हम सभी को आज संकल्प लेना है कि शासन की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे। इसके लिए हम लगातार कार्य करेंगे और हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लगातार गरीबों और समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए चिंता कर रहे हैं। उक्ताशय के विचार भितरवार विधायक मोहन सिंह राठौर ने बाल भवन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्य प्रदेश में वर्चुअली विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं हितग्राही मूलक शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसका सीधा प्रसारण बाल भवन सभागार में किया गया। इस अवसर पर बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर ग्रामीण के अध्यक्ष कौशल शर्मा, आयुक्त नगर निगम हर्ष सिंह, सीईओ जिला पंचायत विवेक कुमार, पार्षद श्रीमती रेखा त्रिपाठी, श्रीमती ममता शर्मा, श्रीमती



अपर्णा पाटिल, श्रीमती अनीता रत्नाकर, श्रीमती अंजना हरीबाबू शिवहरे, विवेक त्रिपाठी, ब्रजेश श्रीवास, महेन्द्र आर्य, भगवान सिंह कुशवाह, मनोज यादव, देवेन्द्र राठौर, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रतीक शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री विनोद शर्मा, विनय जैन, सुघर सिंह पवैया, राजू पलैया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत अपर आयुक्त आरके श्रीवास्तव एवं विजय राज द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुक्त नगर निगम हर्ष सिंह ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निकाली जा रही है।

**अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को किया रवाना**-विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए केन्द्र सरकार द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए रथों को अतिथियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ शहर के सभी वार्डों, गली मोहल्लों में पहुंचकर आम नागरिकों को केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देगें एवं नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाएगें। विशेष रूप से तैयार किए गए रथों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आमजन को संबोधित करेगें। इसमें क्यूआर कोड के माध्यम से आम नागरिक क्विज प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। वेब कैमरे के माध्यम से आम नागरिक अपने अनुभव साझा कर सकते हैं एवं सेल्फी के माध्यम से आमजन विकसित भारत संकल्प यात्रा ब्रांड एंबेसडर बन सकते हैं।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति**-विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गई। जिसमें गूंज रेडियो के निर्देशन में विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

## मंडल रेल प्रबंधक सिन्हा ने तीसरी लाइन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया



मंडल रेल प्रबंधक डी. के सिन्हा द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी यार्ड तथा झांसी-दतिया के मध्य चल रहे तीसरी लाइन के निर्माण कार्यों का विस्तृत औचक रात्रि निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने झांसी-दतिया के मध्य चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य को भी देखा तथा कार्यरत सभी सम्बन्धित स्टाफ को पूर्ण दक्षता एवं संरक्षा के साथ कार्य निष्पादन करने के निर्देश दिए।मंडल रेल प्रबंधक सिन्हा द्वारा झांसी यार्ड में चल रहे नॉन इंटरलॉक कार्य के औचक निरीक्षण के दौरान डिस्कनेक्शन का बारीकी से मुआयना किया गया। उन्होंने प्रत्येक पॉइंट गाड़ियों को संरक्षा के साथ संचालन के निर्देश दिए। सिन्हा ने सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्टाफ हेतु हीटर उपलब्ध कराने हेतु भी निर्देशित किया।

# सुयोग्य वर की तलाश में ब्राह्मण सम्मेलन मे कन्याओं के सर्वाधिक हूऐ पंजीयन श्रद्धेय श्री अटल जन्म शताब्दी जयंती त्रिदिवसीय समारोह 23 से होगा,

ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजन समिति, ग्वालियर के पदाधिकारियों ने 16 दिसंबर को सायंकाल ठीक 4,00 बजे सनातन धर्म मंदिर परिसर में शुभ लग्न स्मारिका अनावरण एवं संगीतमयी सत्यनारायण कथा सम्पन हुई। कथा सुप्रसिद्व कथावाचक पंडित गिरिराज गुरू के मुखारविंदु से हुई। मुख्य यजमान रश्मि मनोज त्रिपाठी थे। शुभ लग्न स्मारिका अनावरण समारोह के मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला, शासकीय अतिरिक्त महाधिवक्ता, हाईकोर्ट, ग्वालियर,

मुख्य वक्ता डॉ नीरज शर्मा, डायरेक्टर, सिम्स हास्पीटल,

अध्यक्षता डॉ ओ.एन.कौल,पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, आई एम ए,

विशिष्ठ अतिथि के रूप में विनोद कटारे, महाप्रबंधक, एमपीईबी, ग्वालियर , ब्राह्मण सभा मुरार के अध्यक्ष राम पाठक , समिति अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा, सम्मेलन मुख्य संयोजक नरेश कटारे, स्मारिका सम्पादकद्वय डॉ मुन्नालाल शर्मा, रविंद्र नाथ नायक, महिला संयोजिका श्रीमती सरोज मिश्रा, महिला महामंत्री सुधा दीक्षित, मंचासीन थे। स्वागताध्यक्ष डॉ अशोक मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया। अतिथियों का तिलक लगा कर माल्यार्पण के साथ स्वागत मंत्री रामप्रकाश शर्मा ने स्वागत किया । संचालन महिला अध्यक्ष श्रीमती वीना भारद्वाज ने किया । संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज ने आगामी रूपरेखा बताते हुए कहा कि 17 दिसंबर को सुबह 10 बजे हनुमान मंदिर, कैंसर पहाडिया, लश्कर पर युवा आत्ममिलन समारोह, 22को भूमि पूजन, 23 से 25 दिसम्बर तक श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी त्रिदिवसीय जयंती समारोह में 23 को श्री अटल रत्न सम्मान, 24 को



पैतृक निवास पर सायं 4-30 बजे दीपोत्सव, लड्डू वितरण, 25 को सुबह 11 बजे से चेम्बर ऑफ कॉमर्स भवन, लश्कर पर ब्राह्मण परिचय सम्मेलन होगा। स्मारिका की प्राप्ति के लिए कूपन एवं 25 दिसम्बर को भारतीय पद्धति से निशुल्क भोजन कूपन संयुक्त महामत्री हेमंत एडीशन शर्मा, मंत्री अवनीश ललित गौ?,शशीकांत दीक्षित ,राजू पंडित ने दिए । अतिथियों ने समारोह में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 12 वा निशुल्क ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन में सुयोग्य वर की तलाश में कन्याओं के सर्वाधिक पंजीयन शुभ लग्न स्मारिका में प्रकाशित होना आयोजको के अथक मेहनत का सार्थक परिणाम हैं। सम्मेलन के लिए किसी भी प्रकार का सार्वजनिक चंदा धन संग्रह नही करना ब्राहणों के लिए गर्व की बात हैं। गंगा दशहरा पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में निशुल्क ब्राह्मण सामूहिक विवाह करवाऐ जिससे समाज में फैली दहेज दानव कुरीति रोकने का सार्थक कदम है। परिचय सम्मेलन से भी दहेज प्रथा पर अंकुश लगता है। ब्राह्मण समाज को एकजुट होने की अधिक आवश्यकता है ।

आभार समिति अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा ने किया ।

# मोहन मंत्रीमंडल में नये चेहरों की संभावना ज्यादा




भोपाल। मप्र की नई सरकार के नये मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के मंत्रीमंडल में अधिकांश नये चेहरे होंगे। नये चेहरों की लिस्ट तैयार है और आलाकमान से ओके होते ही मंत्रीमंडल गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। मंत्रीमंडल कब बनेगा यह कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन इतनी संभावना जरूर है कि मंत्रीमंडल गठन में एक दिन से लेकर एक सप्ताह भी लग सकता है। सबसे ज्यादा दिक्कत सीनियर नेताओं व पूर्व मंत्रियों के एडजेस्टमेंट को लेकर सामने आ रही हैं। भाजपा सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव भी मंत्रीमंडल गठन को लेकर बड़ी साफगोई व ईमानदारी से बेहतर चेहरे चुन रहे हैं, ताकि नई सरकार का संदेश पूरे प्रदेश में बेहतर जाये। ऐसा भी माना जा रहा है कि जो-जो नये व वरिष्ठ विधायक मंत्री बनाये जा रहे हैं, उनकी पूरी जानकारी नाम के साथ आलाकमान को भी भेजी गई हैं।


**हर संभाग से 2-2 नाम**-नये मंत्रीमंडल को लेकर जो स्थिति सामने आ रही है कि अभी लगभग छोटा मंत्रीमंडल बनाया जा सकता है। जिसमें अधिकतम 20 से 24 सदस्य ही होंगे। मंत्रीमंडल के लिये हर संभाग से 2-2 नाम छांटे जा रहे हैं और उनकी जीत का अंतर भी देखा गया हैं। कुल मिलाकर इसका आशय यह है कि मंत्रीमंडल संभागवार संतुलित हो और सभी संभागों का प्रतिनिधित्व हो जाये।

**तैयारी पूरी शपथ के लिये**-नये मंत्रीमंडल के लिये सभी विभागों ने अपनी तैयारी पूरी कर रखी हैं। मंत्रियों के लिये नई गाड़ियां भी तैयार हैं। इसी के साथ जैसे ही सूत्री ओके होगी तो राजभवन भी तत्काल महामहिम से अनुमति लेकर शपथ ग्रहण समारोह करवा सकता है। यह कभी भी एक दिन की सूचना पर भी आयोजित हो सकेगा।

**विधायक भोपाल में ही डटे**-मंत्रीमंडल में नाम की संभावना को लेकर अधिकांश वरिष्ठ व नये विधायक भी भोपाल ही डेरा डाले हैं। उन्हें संभावना हैं कि उनका नाम लिस्ट में आ गया तो कहीं आने में विलंब न हो इसीलिये 90 प्रतिशत विधायक भोपाल में ही है।

**मकान, फ्लैट से ले रहे हैं विधायक**-भोपाल में रहकर अभी अधिकांश विधायक अपने रहवास के लिये फ्लैट व मकान ले रहे हैं, उसके लिये उन्होंने विधानसभा के समक्ष अलाटमेंट आवेदन भी लगा दिये हैं।

# अग्रमिलन की बैठक मिलन गार्डन पर सुबह होगी




ग्वालियर। अग्रमिलन ग्रेटर ग्वालियर की 454वीं बैठक 17 दिसंबर को मिलन गार्डन रमटापुरा सेवानगर में संपन्न होगी। बैठक प्रातः 8.30 से 10 बजे तक संपन्न होगी। अग्रमिलन ग्रेटर ग्वालियर के डा. रामबाबू गोयल, महेन्द्र अग्रवाल ने सभी अग्रवाल समाज के लोगों से बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया हैं।

# नम्रता बाजपेई ने सपना किया पूरा वायुसेना मे प्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन

बिसवां सीतापुर -दी सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री मे कार्यरत आशीष बाजपेई की बेटी ने अपने बचपन मे देखे गये सपने को वायुसेना मे प्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन कर पूरा किया।नगर के मोहल्ला अमर नगर की नम्रता बाजपेई का सलेक्शन का सपना था कि वो वायुसेना मे जाकर देश की सेवा करे।नम्रता बाजपेई के पिता जहाँ शुगर फैक्ट्री मे कार्यरत है वाही मां दिब्यां बाजपेई परिषदीय विद्यालय मे शिक्षिका है। नम्रता के माता पिता ने बेटी के द्वारा देखे गये सपने को पूरा करने के किये हर संभव प्रयास किया। नम्रता को भारत मे सतरहवी रैंक मिली है।स्कूल शिक्षा रिजेंसी स्कूल सीतापुर मे हुई शेष शिक्षा दिल्ली विश्वाविद्यालय से प्राप्त की ।नगर की बेटी नम्रता बाजपेई का भारतीय वायुसेना मे प्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन होने पर सांसद राजेश वर्मा, विधायक निर्मल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पू जायसावल,पूर्वे विधायक महेन्द्र सिंह यादव,अजित मेहरोत्रा,पूर्व अध्यक्ष नपा सीमा जैन,राजू जैन,वीरेश मिश्रा,दिनेश चंद्र पाण्डेय,संदीप मिश्र,पवन कुमार मिश्रा,आंनद कुमार मिश्रा आदि ने बधाई देते हुए हर्ष व

# बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने की नव नियुक्त प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात



बैरसिया।। भाजपा विधायक दल का नेता चुनने के बाद मुख्यमंत्री नियुक्त होने पर डॉ मोहन यादव से बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नियुक्त होने पर डॉ मोहन यादव को शुभकामनाएं प्रेषित की। विधायक विष्णु खत्री ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से बैरसिया क्षेत्र के विकास को रफ्तार देने के उद्देश्य से विकास के मुद्दों पर भी चर्चा की।गौरतलब है कि बैरसिया में 10 वर्षो में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। इसके अलावा हमारी केंद्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं में लगभग सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ मिला है। इसके बाद भी जो लोग छूट गए है। उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। क्षेत्र में अब रोजगार की दिशा में काम करने की ओर बैरसिया अग्रसर है। इसमें आचारपुरा के अलावा पातलपुर पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की दिशा में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिसमें शीघ्र ही उद्योग के लिए भूखंड आवंटन की कार्यवाही

# रेलमंत्री वैष्णव ने भारत मंडपम में प्रदान किए अतिविशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार




केंद्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को देश भर के विभिन्न जोनों/मंडलों, उत्पादन इकाइयों और रेलवे पीएसयू के 100 रेलवे कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए %अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार% (एवीआरएसपी) से सम्मानित किया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 21 शील्ड भी प्रदान कीं। पुरस्कार/शील्ड नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित 68वें रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह में प्रदान किए गए। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ और सदस्य, जोनल रेलवे के महाप्रबंधक और रेलवे की उत्पादन इकाइयों और रेलवे के सार्वजनिक उपक्रमों के प्रमुख उपस्थित थे।इस अवसर पर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार के साथ प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/उत्तर मध्य रेलवे सतेंद्र कुमार ने केंद्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से सिग्नल और दूरसंचार से शील्ड प्राप्त की।उत्तर मध्य रेलवे के तीन अधिकारियों और तीन कर्मचारियों को प्रतिष्ठित अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार भी मिला। इन अधिकारियों में विवेक दिवाकर सीनियर डीएमएम/आगरा, सुश्री प्रशस्ति श्रीवास्तव, डीसीएम सह पीआरओ/आगरा और विजय नारायण एडीएमई/कानपुर शामिल रहे7 जबकि स्टाफ में श्रीमती ऋतु मसीह, मुख्य नर्सिंग अधीक्षक, केंद्रीय अस्पताल, मनोज कुमार, हेल्पर/कानपुर, अनुज पटेल, ट्रैक मेंटेनर/माताटीला/झांसी शामिल रहे।पुरस्कार और शील्ड प्रदान करने के बाद अपने संबोधन में, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके असाधारण कार्य और प्रयास के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, %%प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे में परिवर्तनकारी कार्य पूरी गति से चल रहा है। पिछले 40 वर्षों की तुलना में 9.5 वर्षों में अधिक विद्युतीकरण किया गया है। इस बदलाव के पीछे बड़ी तस्वीर यह है कि जब 2015 में प्रधानमंत्री ने रेल बजट को आम बजट में मिला दिया, तो रेल अनुदान पर पहले जो ब्याज/पूंजी शुल्क देना पड़ता था, उसकी जरूरत नहीं रही और इससे रेलवे के लिए सभी वित्तीय बाधाएं दूर हो गईं। निवेश की कमी, जो रेलवे के लिए सबसे बड़ी समस्या थी, अब अतीत की बात है।देश की आर्थिक प्रगति के बारे में विस्तार से बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में, भारत वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में 10वें स्थान पर था, जबकि 2004 में, भारत पहले से ही 10वें स्थान पर था और इसलिए, यह एक खोया हुआ दशक था। अब, भारत 5वें स्थान पर है और आने वाले वर्षों में, प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और दूरदर्शिता के तहत, भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान हासिल कर लेगा। उन्होंने आगे कहा, ÷हम सभी को औपनिवेशिक मानसिकता को बदलना चाहिए और 2027 तक हम शीर्ष तीन में से एक बन जाएंगे। भारत की विकास यात्रा में रेलवे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हम अकेले लॉजिस्टिक लागत में भारी मात्रा में कमी कर रहे हैं। हम सभी भाग्यशाली हैं कि हमारे पास ऐसा प्रधानमंत्री है जो रेलवे से भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। हैं कि यह केवल कोई ऐसा व्यक्ति ही बता सकता है जिसे रेलवे

# विजय दिवस पर तिरंगा फहराने से एसडीएम अरविंद महौर ने किया मना

*अम्बाह । अमर शहीद सम्मान सेवा संघ द्वारा आज दिनांक 16/12/23 को कै. वीरनारायण पार्क अम्बाह में सन् 1971 के पाकिस्तान-भारत युद्ध में हमारी जीत को विजय दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों, सैनिकों के बुजुर्ग पिताओं एवं भूतपूर्व सैनिकों, ह्यष्ट,ह्यस्स व कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं*



*ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । इसमें उन्होंने एक किलोमीटरलंबी तिरंगा यात्रा निकाली। इस कार्यक्रम में अमर शहीद सम्मान सेवा संघ द्वारा संघ से जुड़े सभी संगठनों एवं संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने थे जिन पर एसडीएम अरविंद माहौर एवं साहब के डिजिटल हस्ताक्षर थे तथा ध्वजारोहण करने के लिए स्ष्ठरूसाहब ने मुख्य अतिथि का आमंत्रण स्वीकार किया था। संघ के पदाधिकारी जब स्ष्ठरूअरविंद माहौर को एवं ष्टस्स्ह्र को कार्यक्रम में तो सम्मिलित होने एवं ध्वजारोहण करने के लिए उनके आवास पर संपर्क किया तो भृत्य ने बताया कि साहब सो रहे हैं। तभी साहब अंदर से बोले की में तिरंगा फहराने नहीं जाऊँगा। एवं ष्टस्स्ह्र साहब ने अपना फ़ोन बंद*

# गौ सेवक एवं हिंदू संगठनों के सहयोग से गौ तस्करी में पकड़े तीन बड़े ट्रक

**मुरैना।** गौ सेवकों एवं हिंदूवादी संगठनों ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर धौलपुर रोड हाईवे पर सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत तीन कंटेनर ट्रक गौ तस्करी में बरामद हुए हैं जिन्हें सिविल लाइन थाना मुरैना में राजसात की कार्रवाई हेतु जप्त कराया गया है एवं उन ट्रकों में एक मृत गोवंश भी पाया गया है बकाया मौके से भाग गए। साथ ही उसमें कंटेनरों के अंदर खून के निशान एवं कुछ अत्तिजनक वस्तुएं पाई गई है जो गौतस्करी में



इस्तेमाल होती हैं गौ सेवकों द्वारा ऐसी आशंका जताई जा रही है कि यह एक बहुत बड़ा इंटरनेशन गौ तस्करी गैंग हो सकता है इसमें शंभू बंजारा एवं सुल्तान बंजारा के नाम आने की आशंका है जिनमें पूर्व में भी कई पुलिस केस गौ तस्करी के अलग-अलग राज्यों में दर्ज हैं इसके अलावा एक और बड़ा ट्रक धौलपुर थाने में गौ सेवकों का पकड़वाकर जप्त कराया है जिसमें दो तस्कर भी धौलपुर थाने में गिरफ्तार किए है साथ में धौलपुर पुलिस ने उनसे जो मोबाइल जमा किए है यदि उनकी संघन जांच हो जाए तो उसमे कई बड़े नाम तस्करी म

# थाना करैरा में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिया गया

धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित समय एवं डेसीबल में ही उपयोग किया जाए डी जे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**खुले में अंडा-मास के बिक्रय पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध**-

करैरा- आज थाना करैरा पर शांति समिति की मिटिंग में सर्बसम्मति से निर्णय लिया गया कि धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों लाउडस्पीकर,आदि का निर्धारित समय एवं डेसीबल में उपयोग किया जाए। एस डी एम करैरा ने बैठक में शासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में जारी निर्देशों के संबंध में बताया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ जबलपुर द्वारा ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के संबंध में जारी दिशा निर्देशों के कड़ाई से अनुपालन कराने तथा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए हैं। विभिन्न धार्मिक स्थलों पर निर्धारित डेसिबल ध्वनि का उल्लंघन करते हुए लाउडस्पीकर का उपयोग किए जाने





# कार्यालय नगर परिषद रन्नौद जिला शिवपुरी (म.प्र.)

क्रमांक/2023/924 रन्नौद, दिनांक 13/12/2023

## ई- निविदा आमंत्रण सूचना

**नगर परिषद, रन्नौद की ओर से स्वीकृति अनुसार कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रण निम्नतालिका अनुसार https://mptenders.gov.in पर निविदा का प्रकाशन किया गया है।**

| क्र. | कार्य का नाम | ऑन लाइन टेण्डर आई. डी. | अनुमानित लागत | एनआईटी नम्बर | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ऑनलाइन आरंभ तिथि | ऑनलाइन सम्मिशन अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमृत 2.0 योजना अंतर्गत नगर परिषद रंन्नोद क्षेत्रानंतर्गत पार्क निर्माण कार्य ( तृतीय आमंत्रण ) | 2023_UAD_316126_2 | 16,07,337 | 648 | 12000 | 2000 | 09.12.23 | 26.12.23 |

**जिसका संपूर्ण विवरण https://mptenders.gov.in वेवसाईड पर देखा जा सकता है।**

**(श्रीमती राजकुमारी कुशवाह)**
**अध्यक्ष**
**नगर परिषद रन्नौद शिवपुरी**

**( मयूर वाहने )**
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद रन्नौद शिवपुरी**


स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478